



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 174 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 28 मार्च 2025 डाक 29 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और उनकी पत्नी शिवश्री स्कंदप्रसाद



**देश-विदेश**
कठुआ मुठभेड़ में तीन जवान बलिदान, 3 आतंकी ढेर, सर्च अभियान जारी



**फीचर पेज**
चाय को स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं? इन सामग्रियों के मिश्रण को उसमें डालें




# भड़काऊ कविता मामला: कांग्रेस सांसद को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नईदिल्ली, 28 मार्च [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो। कोर्ट ने कहा कि कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। पुलिस को लोगों की बुनियादी अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को पसंद न करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए। सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विचारों और दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बिना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत गरिमापूर्ण जीवन जीना असंभव है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा व्यक्त किए गए विचारों का विरोध दूसरे दृष्टिकोण को व्यक्त करके किया जाना चाहिए। भले ही बड़ी संख्या में लोग दूसरे द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को नापसंद करते हों, लेकिन व्यक्ति के विचार व्यक्त करने के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए।

कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। इससे पहले 3 जनवरी को प्रतापगढ़ी पर जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत गाने के लिए मामला दर्ज किया गया था। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापगढ़ी पर अन्य धाराओं के अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 और 197 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# केजरीवाल समेत कई आप नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## कोर्ट के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह मामला राउज एवेन्यू कोर्ट में चल रहा है और इसकी अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। दिल्ली की एक अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि वह अरविंद केजरीवाल और अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करे। शिकायतकर्ता शिव कुमार सक्सेना ने अदालत में सबूत पेश किए कि द्वारका इलाके में आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर अवैध रूप से लगाए गए थे। अदालत ने इस मामले पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि अवैध होर्डिंग्स न केवल शहर की सुंदरता को खराब करते हैं, बल्कि यातायात के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं।

इस मामले को दिल्ली प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 2007 की धारा 3 के तहत अपराध माना गया है। अदालत ने यह भी कहा कि देश में अवैध होर्डिंग्स गिरने से लोगों की मौत होना कोई नई बात नहीं है, इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केजरीवाल के अलावा, पूर्व विधायक गुलाब सिंह और पूर्व पार्षद नितिका शर्मा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

# व्हाइट हाउस में ट्रंप की इफ्तार पार्टी पर मचा बवाल, गेस्ट लिस्ट देखकर भड़के अमेरिकी मुस्लिम



**नई दिल्ली।** रमजान के पवित्र महीने के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पहली इफ्तार पार्टी की मेजबानी की। हालांकि, ट्रंप की यह इफ्तार पार्टी विवादों में घिर चुकी है। अमेरिकी मुस्लिम सांसद इस इफ्तार पार्टी से नाराज हैं। दरअसल, इफ्तार पार्टी में अमेरिकी मुस्लिम सांसदों और समुदाय से जुड़े नेताओं को न्योता नहीं दिया गया, इसकी जगह मुस्लिम देशों के विदेशी राजदूतों को इफ्तार डिनर में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी आयोजित करने की दो दशक पुरानी परंपरा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इफ्तार डिनर की मेजबानी करते हुए कहा, मैं आप सभी का व्हाइट हाउस के इफ्तार डिनर में स्वागत करता हूं। हम इस्लाम के पवित्र महीने रमजान का जश्न मना रहे हैं। यह बहुत बेहतरीन महीना है। दुनियाभर के मुस्लिमों को रमजान मुबारक। हम दुनिया के बेहतरीन धर्मों में से एक धर्म का सम्मान करते हैं। व्हाइट हाउस के बाहर कई मुस्लिम सिविल राइट्स ग्रुप ने इस मामले पर विरोध जताते हुए प्रोटेस्ट किया। नाम से मुस्लिम नेताओं ने ट्रंप के इस इफ्तार पार्टी का विरोध किया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह डोनाल्ड ट्रंप का एक तरह का पाखंड है। वह एक तरफ देश में मुस्लिमों के प्रवेश पर बैन लगाते हैं तो दूसरी तरफ इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हैं।

# राज्यसभा में राणा सांगा को लेकर सपा सांसद के बयान पर बवाल, रामजी सुमन और खरगे की माफी पर अड़ी बीजेपी



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में शक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी पर विरोध किया। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे पर भी निशाना साधा। भाजपा का आरोप है कि खरगे मामले को जाति से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपाा ने मांग की है,जब तक रामजी सुमन और विपक्ष के नेता खरगे मामले में माफी नहीं मांगते, तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इससे पहले समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कह दिया था। इस पर शुरू हुआ बवाल अब भी थमता नहीं दिखाई दे रहा है। उनकी बाबर और राणा सांगा को लेकर कुछ ऐसा कह दिया था कि वे भाजपा के तमाम नेताओं के निशाने पर आ गए थे। भाजपा ने रामजी लाल सुमन से मांगी की मांग की है। भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के राजपूत राजा राणा सांगा पर दिए गए बयान का मुद्दा उठाया। इससे बाद ही राज्यसभा में हंगामा शुरू हुआ। भाजपा सांसद ने कहा, जब तक कांग्रेस और रामजी सुमन माफी नहीं मांग लेते, हम इस मुद्दे पर समझौता नहीं करेंगे। सपा सांसद के इस बयान पर दिल्ली से उत्तर प्रदेश तक सियासी हलकों में हंगामा हो गया। भाजपा नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बयान की निंदा की।

## दिल्ली में बिजली संकट गहराया, जगतपुर गांव में प्रदर्शन, आतिशी ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली 28 मार्च।** दिल्ली में बिजली संकट गहराता जा रहा है। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी स्थित जगतपुर गांव में लोगों ने देर रात लंबे समय से जारी बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन किया और आउटर रिंग रोड को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप नेता आतिशी ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और उपराज्यपाल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मार्च के महीने में ही बिजली की यह हालत हो गई है कि लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, तो मई-जून की तपती गर्मी में जब मांग अधिक होती, तब क्या हाल होगा। आतिशी ने अरविंद केजरीवाल सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि जब तक आम आदमी पार्टी की सरकार के पास बिजली व्यवस्था की जिम्मेदारी थी, तब तक दिल्ली के लोगों को 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलती रही। लेकिन अब जब बिजली की जिम्मेदारी उपराज्यपाल (एलजी) के अधीन है, तो एक महीने के भीतर ही बिजली संकट गहरा गया है।

# भोजपुर की एक फैक्टरी में बॉयलर फटा, तीन कर्मचारियों की मौत



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। पेपर मिल में बॉयलर फटने से जोरदार धमाका हुआ, जिसमें तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा कई अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना भोजपुर थाना क्षेत्र के दतेड़ि गांव, पिलखुवा रोड स्थित फैक्ट्री की बताई जा रही है, जहां सुबह पांच बजे के आसपास बॉयलर फटा। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के कारणों की जांच जारी है। मृतकों की शिनाख्त हो गई है। इनके नाम योगेन्द्र कुमार, अनुज और अवधेश कुमार हैं। वहीं एक अन्य को हल्की चोट आई है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और प्रशासन मिलकर हादसे के पीछे की वजहों को खंगालने में जुट गए हैं। इस घटना को लेकर इलाके में शोक की लहर है।

मृतकों की पहचान और घटना की विस्तृत जानकारी के लिए प्रशासन जांच में जुटा हुआ है। फैक्ट्री के बाहर बड़ी तादाद में लोग जुट गए। मृतक परिजन भी मौके पर हैं जिन्हें समझाने बुझाने की कोशिश की जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। इससे पहले गुरुवार को गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में स्थित ग्लोबल एंटरप्राइजेज नामक एक इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर में भीषण आग लग गई थी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया।

## राज्यपाल के काफिले की गाड़ी से महिला की मौत

**अंबिकापुर।** जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां राज्यपाल की काफिले की गाड़ी से टकराने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला मांझी समुदाय की है। घटना के बाद अब अफरातफरी का माहौल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल, राज्यपाल रामेन डेका दो दिनों के दौरे पर सरगुजा पर गए हुए थे और उनका कल का प्रवास मैनपाट में था। बताया जा रहा है कि उल्टापानी इलाके में राज्यपाल गए हुए थे। वहीं महिला अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अपने भाई के यहां गई हुई थी और महिला वहां से लौट रही थी।

# सपा सांसद के घर पर हमले मामले में करणी सेना ने फिर दी चुनौती

## अब 12 अप्रैल की तैयारी, कहा- हम गद्दार नहीं



**आगरा, 28 मार्च [एजेंसी]।**

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर तोड़फोड़ और पथराव करने वालों ने सोशल मीडिया पर फिर चुनौती दी है। इस बार 12 अप्रैल को कार्यकर्ताओं सहित अधिक से अधिक संख्या में लोगों से जुटने का आह्वान किया गया है। इसे लेकर पुलिस की चिंता बढ़ गई है। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के महाराणा सांगा पर दिए बयान पर क्षत्रीय करणी सेना ने बुधवार को बवाल किया था। सांसद आवास के बाहर तोड़फोड़ और पथराव किया था। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने बवाल से पहले सोशल मीडिया पर ऐलान किया था। इस पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता जुटे थे। इस घटना के बाद एक दिन बाद ओकेंद्र राणा का एक और बयान सोशल मीडिया पर सामने आया है।

इसको लेकर पुलिस की चिंता बढ़ गई है। इसके बाद फेसबुक पर टीम ओकेंद्र राणा हरियाणा नाम से बनी आईडी पर वीडियो जारी किया है। इसमें एक पोस्ट भी है, जिसमें लिखा है कि आओ आगरा, चलो आगरा, 12 अप्रैल को महाराणा राणा सांगा की जयंती मनाएंगे। वहीं पत्थरबाजों से भी मिलेंगे। हम गद्दार नहीं, हकदार हैं इस देश के। मैं माफ भी कर देता, मगर चोट मेरे पूर्वजों के बलिदानों को लगी है। लोगों से बड़ी संख्या में जुटने की अपील भी वीडियो में की गई है।

## चूहे के कारण घर में लगी भीषण आग, जलते लैम्प को गिराया



***तंजावुर।*** *तमिलनाडु के तंजावुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक चूहे के कारण एक घर में भीषण आग लग गई। यह घटना तब हुई जब चूहे ने एक जलते लैम्प को गिरा दिया, जिससे आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार, लैम्प गिरने के बाद पास में रखा कपड़ा जल गया। इसके बाद पूरे घर में आग लग गई। यह घटना गुरुवार शाम हुई, जब परिवार के सदस्य घर से बाहर थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तेजी से फैली और पूरा घर आग की लपटों में घिर गया। पड़ोसियों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी और दमकलकर्मियों की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची।*

# अलविदा जुम्मे को लेकर यूपी में अलर्ट, सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने पर रोक, डीजीपी ने अधिकारियों को दिये ये निर्देश

**लखनऊ, 28 मार्च [एजेंसी]।**



अलविदा की नमाज के अवसर पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जा रहे हैं। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी कहीं भी सड़क या सार्वजनिक स्थान पर नमाज नहीं होगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इसे लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। कहा है कि कहीं भी किसी नई परंपरा की कोई अनुमति न दी जाए। डीजीपी ने मिलीजुली आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निरंतर निगरानी किए जाने का निर्देश दिया है। वरिष्ठ अधिकारी धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर लें।

शांति-व्यवस्था बनाए रखने में संभ्रांत नागरिकों का भी पूरा सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि असामाजिक व शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए और कहीं भी गड़बड़ी का प्रयास करने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जाए। वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि सभी जिलों में मिलीजुली आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस, पीएसी व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ गश्त करें और फील्ड में भ्रमणशील रहें।


कहीं छोटी घटना की सूचना को भी पूरी गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म की निगरानी भी बढ़ाई गई है। संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पीएसी व पुलिस की तैनाती भी की गई है। कहा है कि ईद के पर्व को देखते हुए बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस नियमित पैदल गश्त करे। खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## भूखे हाथियों ने नवादा के गांव में मचाया आतंक, कच्चे घरों को तोड़कर खाया अनाज



**नवादा।** प्रखंड के हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के उस पार जंगली इलाके में बसे नावाडीह गांव में बुधवार की रात हाथियों के झुंड ने गांव में धावा बोल दिया। हाथियों ने अपनी भूख को मिटाने के लिए करीब छह घरों को गिराकर उसमें रखे अनाज खा लिए।गांव के ही बगल में एक खलिहान में कई किसानों की फसल रखी हुई थी उसे भी हाथियों ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। हालांकि, वन विभाग की टीम बुधवार की रात्रि हाथियों पर नजर रखने के लिए पूरी रात नावाडीह गांव में कैंप कर रही थी। इस दौरान ग्रामीणों को हाथियों से बचने के तरीके भी बताए जा रहा थे। गांव वालों ने कहा कि हाथियों की संख्या इतनी अधिक है कि वन विभाग के जो कर्मी है उन्हें भी कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

## म्यांमार में भूकंप के झटकों से कांपी धरती, दहशत में आए लोग

**म्यांमार ।** म्यांमार में खतरनाक भूकंप के झटके महसूस हुए। इसकी तीव्रता 7.2 रही। धरती के लगातार कांपने से तबाही को तबाही के संकेत माना जा रहा। पश्चिम बंगाल से लेकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए हैं। लोगों में भूकंप के बाद दशहत महसूस की गई।

# साहू समाज के कार्यक्रम में महापौर संजू देवी ने कहा माता कर्मा के तप-त्याग का अनुसरण वर्तमान परिवेश में आवश्यक

**कोरबा।** जय माता कर्मा माता कर्मा की शोभायात्रा एवं माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन माता कर्मा सेवा समिति कोरबा के तत्वाधान में मनाया गया। सर्वप्रथम सीतामढ़ी से विनोद कुमार साहू सचिव माता कर्मा सेवा समिति की अगुवाई में शोभायात्रा प्रारंभ किया गया। शोभा यात्रा में श्रीकृष्ण-राधा माता कर्मा की झांकी रथ में सवार होकर मोटरसाइकिल में झंडा, बैनर लेकर पैदल चलते हुए माता कर्मा के झांकी सहित पुराना बस स्टेड, पावर हाउस रोड ,टी पी नगर ,बुधवारी ,घंटाघर ,सुभाष चौक में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर श्रीकृष्ण-राधा, माता कर्मा की पूजा अर्चना श्रीमती सीमा साहू उपाध्यक्ष माता कर्मा सेवा समिति एवं समिति के सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू श्रीमती धरम कुमार साहू ,श्रीमती विमला साहू ,श्रीमती शिव कुमारी साहू श्रीमती रूबी साहू द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विराजमान कराया गया। तत्पश्चात माता कर्मा की समस्त माताएं एवं भाइयों द्वारा पूजा अर्चना कर आरती कर माता के महाभोग में खिचड़ी प्रसाद चढ़ाया गया तथा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया

कार्यक्रम में कोरबा नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत का पुष्प गुच्छ और फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया तथा माननीय पार्षद नरेंद्र देवांगन को गुलदस्ता भेंटकर एवं माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। समिति के संरक्षक भाकुलाल साहू ,संरक्षक गजानन प्रसाद साहू, संरक्षक गोरेलाल साहू, अध्यक्ष प्रेमलाल साहू , प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष गिरधारी लाल साहू, प्रदेश संगठन सचिव पल्लु राम साहू, पार्षद श्रीमती धनश्रीसाहू, जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष दान साय साहू, श्रीमती योगेश्वरी साहू , संगठन सचिव चक्रधर प्रसाद साहू, रामाधार साहू , कोषाध्यक्ष शिव शंकर साहू, तहसील अध्यक्ष बलराम साहू तहसील उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू साहू, भीष्म प्रसाद साहू, समाज सेवक चितरंजन साहू, अध्यक्ष इकाई सीसीएल - दाताराम साहू, अध्यक्ष पंप हाउस इकाई कोरबा, राजेंद्र साहू , किशोर कुमार साहू सहित अन्य अतिथियों का समिति एवं साहू समाज द्वारा गरिमामय स्वागत अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को कोरबा नगर पालिका निगम के महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि माता कर्मा के आदर्शों पर चलते हुए साहू समाज के उत्थान में कोरबा नगर पालिका निगम की ओर से जो भी सहयोग हो करने को तैयार रहने एवं माता कर्मा के आदर्श पर अनुसरण करने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेंद्र देवानंद ने माता कर्मा के जीवन गाथा एवं साहू समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। समिति के संरक्षक गजानन प्रसाद साहू ने माता कर्मा की जीवनी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को गिरधारी लाल साहू ने संबोधित करते हुए समाज की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए सभी को एक साथ सामूहिक प्रयास कर समाज के उत्थान में योगदान देने की बात कही। समिति के संरक्षक भाकू लाल साहू ने साहू समाज के धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और समाज में भाईचारा की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। किशोर कुमार साहू जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज के लोगों को अधिक से अधिक भागीदारी बनकर समाज एवं देश के उत्थान पर योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में श्रीमती पद्मिनी साहू पूर्व प्रदेश संयुक्त सचिव ने अपनी उद्बोधन में साहू समाज को संगठित रहने की बात कही और सामाजिक चालीसा तैयार कर पालन करने की बात कही। श्रीमती योगेश्वरी साहू ने समाज के लोगों को धार्मिक कार्यों के प्रति अपना योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में वेद प्रसाद साहू, श्रीमती माधुरी साहू, भीष्मलाल साहू ने माता कर्मा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अन्य माताओं-बहनों एवं भाइयों ने माता कर्मा के जीवनी पर अपना प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सुखसागर साहू, मदन गोपाल साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, तेरस साहू, श्यामलाल साहू, पुष्पेंद्र साहू, मोतीलाल साहू, डोरी लाल साहू, वैभव कुमार साहू एवं समाज के अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने किया तथा सभी लोगों का आभार समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने व्यक्त किया।



## सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसी भड़के, फूकां भाजपा सरकार का पुतला

**कोरबा।** केन्द्रीय जांच एजेन्सी सी.बी.आई द्वारा 26 मार्च 2025 को राजनैतिक दबाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास/कार्यालय में की गई द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आज 27 मार्च 2025 को जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन का कार्यक्रम जैलगांव चौक में आयोजित किया गया। आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नत्थू लाल यादव, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. डी आर नेताम, बी सी नामदेव, बलराम यादव, विवेक श्रीवास, ए. गवेल, राजकुमार श्रीवास, गोपाल यादव, सुशील कुमार, राकेश सारथी, डमरू साहू, तिजन गवेल, फूलबाई गवेल, दिव्या यादव, महावीर यादव, राजाराम जायसवाल, इकबाल कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी व वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## महापौर ने प्रस्तुत किया 8 अरब 97 करोड़ 99 लाख रूपये का पहला बजट,आमसभा में पारित

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा प्रस्तुत निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 एवं बजट वर्ष 2025-26 आज 27 मार्च 2025 को निगम की साधारण सभा के दौरान सदन द्वारा बहुमत से अंगीकृत किया गया, निगम का यह बजट 08 अरब 97 करोड़ 99 लाख रूपये का बजट है। वहीं सदन में प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव भी सर्वसम्मति व बहुमत के साथ पारित किए गए। वही सभापति नूतनसिंह ठाकुर की अध्यक्षता तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में आज निगम की साधारण सभा सम्पन्न हुई। वही महापौर श्रीमती राजपूत द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 एवं बजट वर्ष 2025-26 सदन पटल पर रखा गया। महापौर श्रीमती राजपूत ने अपना बजट अभिभाषण प्रस्तुत किया तथा प्रस्तुत बजट को जनकल्याणकारी, लोकहितैषी व खुशहाली का बजट निरूपित करते हुए बजट को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अंगीकृत करने का आग्रह किया, बजट पर विस्तार से चर्चा हुई तथा अंत में बहुमत के आधार पर बजट को अंगीकृत किया गया। वही इसी प्रकार एम.आई.सी.द्वारा पारित विभिन्न आर्थिक सहायता व पेंशन राशि प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन भी सदन द्वारा सर्वसम्मति किया गया। वही वहीं स्व.केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 के आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को भी सदन मे सर्वसम्मति से पारित किया। निगम के विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) में कैफेटेरिया के आबंटन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव भी सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) के संचालन एवं संधारण संबंधी प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित हुआ, कार्यसूची में शामिल मेयर इन काउंसिल द्वारा पारित वित्तीय प्रस्ताव को भी सूचनार्थ सदन के समक्ष रखा गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में निहित प्रावधानों के तहत 52 निर्वाचित पार्षदों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र को अतिरिक्त एजेंडे के रूप में शामिल करते हुए एजेंडे पर चर्चा की गई तथा इस एजेंडे में शामिल जैन एडवरटाईजर्स को निगम द्वारा दिए गए होर्डिंग लगाने संबंधी ठेके को निरस्त किए जाने संबंधी प्रस्ताव को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति प्रदान की गई तथा उक्त कार्य का ठेका निरस्त करने की कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया।

## नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विस्थापित किसान कल्याण समिति ने किया सम्मान

### कटघोरा विधायक पटेल रहे मौजूद

**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति द्वारा खदान क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एसईसीएल के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांवों के 7 जनपद सदस्य, 35 सरपंच, 10 पार्षद, उपसरपंच और पंचों को हरा गमछा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन के आंदोलनों से भूविस्थापित परिवारों को लाभ मिला है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल ने कहा कि ऊर्जाधानी एकमात्र ऐसा संगठन है जो भूविस्थापितों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने 1 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय में आक्रोश रैली और तालाबंदी का प्रस्ताव रखा। सभी प्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विधायक पटेल ने बताया कि एसईसीएल प्रभावित क्षेत्र में लोगों के अधिकारों का हनन करता है। इसलिए आए दिन आंदोलन होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर समस्याओं का समाधान करेंगे और एसईसीएल प्रबंधन को ग्रामीणों के अधिकारों का हनन करने से रोकेंगे।

## बलको मंडल के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने बिलासपुर जाएंगे



**कोरबा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर आगमन को लेकर बालको मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री जी के जनप्रतिनिधि सम्मेलन को सफल बनाने हेतु दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में बालको मंडल अध्यक्ष डिलेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कोहाडिया के सम्माननीय पार्षद श्री नरेंद्र देवगन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वागत एवं कार्यक्रम की सफलता को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जे.एन. दूबे, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय पांडेय, पूर्व एल्डरमेन सत्येंद्र दूबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवबालक तोमर, मंडल उपाध्यक्ष शशिचंदा, पार्षद तरुण राठौर, पार्षद मंगल बंदे, पार्षद चेतन मैत्री, पार्षद पति नंदू रत्नाकार, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना रूणिझा सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके अलावा, धीरज झा, राजा शर्मा, केशव चंद्रा, संपत यादव, राजेश धीवर, निखिल मित्तल, देवेंद्र तिवारी, श्मायमता यादव, विद्यासागर, आदिले भाई, पवन यादव, मीठी गोस्वामी, रेनू प्रसाद, मंजीत कौर, अनिता वैष्णव, हेमलता, अवध केवर्त, नारायणी दूबे, प्रभात डडसेना, दीपक सागर, मुकेश शुक्ला, के.के. राजू, राजाराम मिश्रा, ईश्वर साहू, भगत भाई, रतन शर्मा, लाल बहादुर चौहान, अभिजीत भाई, तुलसी विश्वकर्मा, छेदीलाल साहू, राजेश सोनी, राजू महंत, मन्नू भाई सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया एवं आगामी कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ सफल बनाने हेतु कार्य करने का निर्णय लिया।

## एसईसीएल के नए सीएमडी दुहन ने कार्यभार संभाला

**कोरबा।** हरीश दुहन ने एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। आज एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर एसईसीएल निदेशक मण्डल, सीवीओ, विभागाध्यक्षों एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत

इस अवसर पर एसईसीएल की सुरक्षा टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मानित किया गया।इससे पहले श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक तकनीकी (संचालन) के पद पर कार्यरत थे।हरीश दुहन कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं। उन्होंने अपनी स्नातक उपाधि नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में प्राप्त की। श्री दुहन ने वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल इंडिया लिमिटेड में अपनी सेवाओं की शुरुआत की। उनके पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है। एसईसीएल का सीएमडी बनने से पहले, दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक तकनीकी (संचालन) के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा, उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। श्री दुहन को पर्यावरण-हितैषी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में विशेष अनुभव प्राप्त है। हरीश दुहन के एसईसीएल के सीएमडी पदभार ग्रहण करने के अवसर पर पूरी कंपनी में हर्ष का माहौल है। एसईसीएल परिवार को विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में कंपनी नए ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी और ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## श्रम मंत्री देवांगन ने एक लाख 14 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 53.43 करोड़ रूपए अंतरित किए

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। इसी सिलसिलें में श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल कार्यालय में एक लाख 14 हजार 902 श्रमिकों के बैंक खाते में 53 करोड़ 43 लाख 74 हजार 915 रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित की।

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। श्रम विभाग के तीनों मंडल-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रूपए अंतरित किये जा चुके हैं। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने दीदी-ई रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत 42 हितग्राहियों को 42 लाख रूपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चे हेतु गणवेश एवं पुस्तक कॉपी सहायता योजना के अंतर्गत 41 हजार 170 श्रमिकों को 5 करोड़ 52 लाख 12 हजार रूपए मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 5222 श्रमिकों को 10 करोड़ 44 लाख 40 हजार रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के तहत् 9462 श्रमिकों को 1 करोड़ 41 लाख 93 हजार रूपए। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 378 हितग्राहियों को 3 करोड़ 82 लाख रूपए, मुख्यमंत्री




नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत् 706 श्रमिकों के बच्चों को 1 करोड़ 26 लाख 30 हजार 24 रूपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 7029 श्रमिकों को 14 करोड़ 5 लाख 80 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत् 33506 श्रमिकों के बच्चे को 7 करोड़ 13 लाख 10 हजार 500 रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के अंतर्गत 9224 श्रमिकों को 3 करोड़ 20 लाख 89 हजार 668 रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत् 1546 हितग्राहियों को 3 करोड़ 9 लाख 20 हजार रूपए, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के अंतर्गत 5495 श्रमिकों को 2 करोड़ 38 लाख 74 हजार 523 रूपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 4 हितग्राहियों को 1 लाख 55 हजार रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना 58 हितग्राहियों को 58 लाख रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना 4 श्रमिकों को 80 हजार रूपए, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना 83 श्रमिकों को 6 लाख 55 हजार 7 सौ रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना 23 हितग्राहियों को 34 हजार 5 सौ रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए गए। इस अवसर पर सचिव सह श्रमायुक्त श्रीमती अलरमेल मंगई डी छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल के सचिव गिरिश कुमार रामटेके अपर आयुक्त श्रम द्वय एस. एल. जांगड़े एवं श्रीमति सविता मिश्रा सहित श्रमिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान श्रम मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत कुशालपुर रायपुर निवासी मनीष मरकाम एवं खमतरई निवासी श्रीमती मंग्लीन साहू को एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि का चेक, मुख्यमंत्री नोनी सक्तिकरण सहायता योजना के तहत रायपुर निवासी श्रीमती अनीता नाग एवं रायपुर निवासी श्रीमती संगीता ढीमर को 20-20 हजार रूपए का चेक, की चेक प्रदाय किया गया। मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के अंतर्गत चंगोरा भाठा निवासी बिहारी लाल देवांगन एवं भवानी नगर कोटा रायपुर निवासी श्रीमती राही साहू को 20-20 हजार रूपए का चेक, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना तहत कुशालपुर निवासी लक्ष्मी सोनकर को 8 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत शैल सार्वे को 5 हजार का चेक प्रदान किया।

## दीपका नपा:पीआईसी की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय



**दीपका।** नगरपालिका दीपका में आज पीआईसी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत समेत पीआईसी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में गर्मी के मौसम में नगर की बढ़ती पेयजल संकट और प्रदूषण की समस्या को प्राथमिकता दी गई।

बैठक में सदस्यों ने बताया कि गर्मी के दिनों में दीपका के विभिन्न वार्डों में पानी की आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही, प्रदूषण का स्तर भी तेजी से बढ़ता है, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं।

समस्याओं के समाधान पर चर्चा

नगरपालिका अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संकट वाले इलाकों में टैंकर से पानी आपूर्ति करने, पानी की टंकियों की नियमित सफाई कराने और पाइपलाइनों की मरम्मत जल्द से जल्द करने के उपाय किए जाएं। साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए कचरा निस्तारण व्यवस्था को मजबूत करने और नियमित सफाई अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए ठोस योजनाएं बनाई जाएंगी और उन्हें जल्द लागू किया जाएगा। नगरपालिका प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में दीपका को स्वच्छ और विकसित नगर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस बैठक पर नगर पालिका की उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू अरुणीश तिवारी अविनाश सिंह सुखसागर साहू सविता कंवर आलोक पैरेडा सुमन गिलहरे सभी पीआईसी मेंबर उपस्थित थे।

## ठेकेदारों ने लगभग 7 माह से भुगतान नहीं होने का लगाया आरोप

**कोरबा ।** घर-घर शुद्ध पानी पहुंचाने की पीएचई विभाग की मुहिम जल जीवन मिशन से अधिकारी ही पलीता लगा रहे हैं। ठेकेदारों पर दबाव बनाकर काम तो पूरा करा लिया जाता है और काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। जिसके चलते अर्थदंड से बचने ठेकेदार समय पर काम पूरा कर रहे हैं। आरोप लगाते हुए कहा गया हैं ।

की पिछले 7 महीने से लगभग दर्जन भर ठेकेदारों को पीएचई विभाग ने पेमेंट नहीं किया है, खास बात यह है कि केवल कोरबा जिले के ठेकेदारों को विभाग द्वारा पेमेंट नहीं किया गया है। बाकी 32 जिले के ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया है।



## आर्यिकाओं का गाजे-बाजे के साथ हुआ मंदिर प्रवेश

**कोरबा ।** कोरबा नगर में जैन समाज के लोगों को दो दिन तक जैन साध्वियों की सेवा और ससंघ विहार का अवसर मिला। आर्यिका 105 गुरुमति माताजी और आर्यिका 105 दृढ़मति माताजी का नगर में शुभ प्रवेश हुआ। बुधवार को 42 पिच्छियों के साथ जैन मिलन समाज के लोग बाजे-गाजे के साथ उन्हें दिगंबर जैन मंदिर बुधवारी बाजार लेकर पहुंचे। माताजी का यह ससंघ विहार एक माह तक पैदल चलकर कोरबा नगर पहुंचा। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य व पट्टाचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के संघ की पूज्य आर्यिका 105 गुरुमति माताजी और आर्यिका 105 दृढ़मति माताजी का 42 पिच्छियों के साथ ससंघ विहार मंगलवार सुबह से कोरबा की ओर हुआ। इतना बड़ा संघ पहली बार कोरबा पहुंचा।

25 फरवरी से डोंगरगढ़, चंद्रगिरी तीर्थ से सम्मेद शिखर तीर्थ, गिरिडीह, झारखंड की ओर विहार हो रहा है। यह संघ सरईसिंगार, डोंगरी से विहार कर खिसोरा में आहारचर्या के बाद ग्राम पंतोरा में रुका। यह संघ पंतोरा स्कूल से कनवेरी स्कूल पहुंचा, जहां आहारचर्या हुई। इसके बाद संघ सर्वमंगला मंदिर के समीप स्नेह सदन पहुंचा, जहां रात्रि विश्राम हुआ। बुधवार सुबह 6 बजे दिगंबर जैन मंदिर कोरबा के लिए भव्य मंगल प्रवेश हुआ। संपूर्ण जैन समाज के पदाधिकारी और सदस्य इसकी तैयारी में जुटे थे।

## अग्रहरि वैश्य कल्याण समिति का होली मिलन समारोह



**कोरबा।** अग्रहरि वैश्य कल्याण समिति, कोरबा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन पंप हाउस कॉलोनी स्थित आदर्श श्रमिक भवन में संपन्न हुआ। इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशेष आमंत्रित अतिथिकार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत (महापौर, नगर पालिक निगम, कोरबा) तथा विशिष्ट अतिथि श्री नरेंद्र देवांगन (महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा, कोरबा) उपस्थित रहे।वरिष्ठ जनों एवं मातृशक्ति का सम्मान समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री विनोद अग्रहरि, श्री बालमुकुंद अग्रहरि, श्री हीरालाल अग्रहरि एवं मातृशक्ति से श्रीमती रुक्मणि देवी एवं श्रीमती गीता देवी अग्रहरि को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रतिभावान बच्चों को अग्रहरि गौरवमोमेंटो से नवाजा गया समाज के होनहार बच्चों को अग्रहरि गौरव सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित होने वाले बच्चों में आशुतोष, ज्योति, सुहानी, स्वाती, प्रिंस, तुषार, विवेक, निशांत, विधि, परिधि, आदिश, शिवानी, संजय और सुजल शामिल थे।मुख्य अतिथि का संबोधनमुख्य अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत ने इस प्रकार के आयोजनों को समाज को संगठित रखने का महत्वपूर्ण प्रयास बताया। उन्होंने समाज के विकास के लिए संगठन को सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी।विशिष्ट अतिथि श्री नरेंद्र देवांगन ने अग्रहरि समाज द्वारा नगर विकास एवं सहयोग के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कोरबा के समग्र विकास हेतु सामूहिक योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, समाज के लिए एक भवन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए नगर निगम एवं प्रशासन से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अन्य वक्ताओं का संबोधन एवं आयोजन समिति का योगदानकार्यक्रम को समाज के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर अग्रहरि, प्रवीण अग्रहरि, राकेश अग्रहरि सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संबोधित किया। आयोजन में कोषाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रहरि, गंगासागर अग्रहरि, अजय अग्रहरि, रज्जन अग्रहरि, रवि अग्रहरि, अनिल अग्रहरि, अरविंद अग्रहरि, सत्यम अग्रहरि, रोहित अग्रहरि, शुभम अग्रहरि आदि का सक्रिय योगदान रहा। सम्मान एवं समापनसमारोह में अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के सचिव विजय अग्रहरि ने सभी आगंतुकों, समाज के सदस्यों एवं आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अमृतलाल अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, राजेंद्र अग्रहरि, भोला अग्रहरि, निरंकार अग्रहरि, श्यामबाबू अग्रहरि, लालमणि अग्रहरि, रामकुमार अग्रहरि, श्रीमती मालती देवी, उमा देवी, कमला गुप्ता, राजकुमारी देवी, प्रियंका अग्रहरि, अनिता अग्रहरि, शोभा, निशा अग्रहरि सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य, महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## भगवान राघवेन्द्र के गुण का पालन करें: राजेश्री



**जांजगीर चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज जिला बलौदा बाजार भाटापारा के ग्राम रेंगाडीह (जारा) में आयोजित राज्य स्तरीय भव्य मानस कुंभ महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर उपस्थित हुए। ग्राम वासियों ने भजन कीर्तन के साथ राजेश्री महन्त जी महाराज एवं साथ में उपस्थित जैतुसाव मठ के न्याशी महेंद्र अग्रवाल तथा सदस्य अजय तिवारी जी का भजन कीर्तन के साथ अगवानी की। कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर अतिथियों ने भगवान राघवेंद्र सरकार की पूजा अर्चना की, स्वागतोपरांत उपस्थित स्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि -आप समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर सनातन धर्म के प्रचार प्रसार एवं भगवत भक्ति की प्राप्ति हेतु त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानस महोत्सव का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में अनेक स्थानों से बड़े-बड़े मानस मर्मज्ञ उपस्थित हुए होंगे उन्होंने आपको जो बातें प्रवचन के माध्यम से सुनाया है उनमें से जो कुछ अच्छा लगे उसे ग्रहण कीजिएगा। मनुष्य के जीवन की सार्थकता इसी में है कि हम भगवान राघवेंद्र सरकार के गुण का गायन करें, सुमिरन करें, चिंतन करें। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है कि रामहि सुमरिअ गावहि रामहि। संतत सुनिय राम गुण ग्रामहि । अर्थात राम का ही सुमिरन करें, राम का ही गुणगान करें। निरंतर राम का ही चिंतन करें। इससे आपका जीवन संवर जाएगा, मनुष्य का तन धारण करना सार्थक हो जाएगा। संसार के सभी देवी देवता भी भगवान राम के नाम का ही सुमिरन करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि-जासु नाम बल शंकर काशी, देत सबहिं सम गति अविनाशी।

अर्थात भगवान शिव भी भगवान श्री रामचंद्र जी के नाम के आधार पर ही काशी में शरीर त्यागने वाले सभी जीवों को समान गति प्रदान करते हैं। लोगों को श्री अग्रवाल जी एवं तिवारी जी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से गांव के सरपंच तिरिथराम रात्रे, उप सरपंच गाजूराम साहू, पूर्व सरपंच पवन कुमार ध्रुव तथा श्रीमती केंवरा साहू, तुलसी साहू, शिवकुमारी ध्रुव, जमुना साहू, दरबारी ध्रुव, किशोर साहू, भगत राम साहू, गेंदराम साहू, गंगाराम साहू, तथा हर्ष दुबे सहित ग्राम वासी श्रोता समूह बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शहरी क्षेत्रों में पक्के मकान का सपना होगा पूरा

**जांजगीर।** शहरी क्षेत्रों में पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी शुरू की है। इस योजना की चार श्रेणियां हैं, जिनमें से प्रदेश सरकार ने लाभार्थी आधारित निर्माण को मंजूरी दी है। इसके तहत जिनके पास स्वयं की भूमि है, उन्हें मकान बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार अनुदान देगी।

शहरी क्षेत्रों में इसके लिए सर्वे का काम शुरू हो गया है। यह योजना जिले के सभी नगरीय निकायों में लागू होगी। माना जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव पूरी होने के बाद अब इस काम में तेजी आएगी। दरअसल, इसके सर्वे के लिए पहले भी निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन कई कारणों से इसका काम प्रभावित हो रहा था। अब जिले के अधिकांश निकायों में भाजपा का कब्जा है, इसलिए इस काम को प्राथमिकता सूची में रखा गया है। योजना के तहत लाभार्थी आधारित निर्माण योजना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के हितग्राहियों को फायदा होगा।

जिनके पास स्वयं की जमीन है, उन्हें सरकार कम से कम 35 और अधिकतम 45 वर्गमीटर क्षेत्रफल में मकान बनाने का प्रावधान है। निर्मित पक्के आवास में कम से कम दो कमरे, रसोई और बाथरूम बनाकर दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस योजना के तहत वर्तमान में निर्मित आवास के विस्तारीकरण और नवीनीकरण की अनुमति नहीं होगी।

गृह प्रवेश करने पर मिलेंगे 32 हजार रुपए इस साल के बजट में सरकार ने मुख्यमंत्री गृह प्रवेश समान योजना शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसका लाभ लाभार्थी आधारित निर्माण योजना में मिलेगा।

इसके तहत हितग्राही द्वारा निर्धारित समयावधि में आवास पूर्ण करते हुए गृह प्रवेश करने पर प्रोत्साहन के रूप में 32,850 रुपए अलग से दिए जाएंगे। वहीं, आवास निर्माण के लिए भौतिक प्रगति अनुसार केंद्रांश के रूप में 1.50 लाख तथा राज्यांश के रूप में 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद आवास निर्माण में लगने वाली शेष राशि हितग्राही को ही खर्च करनी होगी। हितग्राही को आवास की मंजूरी मिलने के बाद भवन का निर्माण कार्य स्वयं के खर्च से प्रारंभ करना होगा।

## दुकान से 19 क्विंटल छड़ की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर।** धुरकोट के छड़ और सीमेंट की दुकान में तीन अज्ञात चोर पहुंचे और दुकान के बाहर रखी करीब 19 क्विंटल छड़ चोरी कर ले गए। वारदात के बाद पुलिस सीसी कैमरे की फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुटी है। जांजगीर पुलिस के अनुसार, ग्राम धुरकोट के निवासी नवल कुमार राठौर की गांव के सब स्टेशन के पास छड़ और सीमेंट की दुकान है। 24 मार्च को नवल ने रोजाना की तरह दुकान के शटर पर ताला लगाकर घर लौट गए। इसी बीच चोर पहुंचे और दुकान के बाहर रखे 19 क्विंटल छड़ चोरी कर लिया।



## शिवरीनारायण में संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा की स्थापना, आयोजन की तैयारी

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पावन तीर्थ शिवरीनारायण में संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा की स्थापना का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठान एवं 648वीं जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा इस पूरे कार्यक्रम को गोवर्धनपुर, काशी (बनारस) के गद्दीनशीन महंत परम पूज्य भारत भूषण दास जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न किया जाएगा।



संत रविदास जी के आदर्शों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है, जिससे समाज में भक्ति, प्रेम और समरसता की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतगण, समाजसेवी और गणमान्य नागरिकों के भाग लेने की संभावना है। शिवरीनारायण में इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

## पीएम मोदी के दौरे की तैयारी जनपद पंचायत में हुई बैठक

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के सभागृह में गत बुधवार को सरपंचों, रोजगार सहायकों और आवास मित्रों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सीईओ संदीप कश्यप, जनपद अध्यक्ष कवीशरण वर्मा, उपाध्यक्ष रितेश साहू और सभी जनपद सदस्य मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर बिल्हा मोहभठ्ठा आगमन की तैयारियों पर चर्चा हुई। जनपद पंचायत भवन और सद्भावना भवन के जीर्णोद्धार व नवनिर्माण पर भी सहमति बनी।

## नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

**बिर्रा।** नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। अतुल्य देवांगन ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा चिस्दा 2025 की परीक्षा दी थी। परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमें उनका चयन हो गया है। वे सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा के छात्र थे। इसी प्रकार निधि कहार का नवोदय विद्यालय परीक्षा चिस्दा में चयन हुआ है। जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा के छात्र दुष्यन्त कश्यप का चयन हुआ है। कक्षा पांचवीं के छात्र दुष्यन्त कश्यप ने पहली ही बार में सफलता मिली। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा चिस्दा में चयनित हुए हैं।

## पार्टी की जीत में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम: राघवेन्द्र

**अकलतरा।** नगर के अजंता परिसर में कांग्रेस पार्टी का ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव होते हैं और उनकी मेहनत से ही प्रत्याशी को जीत मिलती है। उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के हित में काम करने का आह्वान किया।

## 16578 छात्रों ने दी पर्यावरण की परीक्षा

**जांजगीर।** गुरुवार को पांचवीं की बोर्ड परीक्षा में पर्यावरण विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 16,578 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जबकि 1,059 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र में नकल का मामला दर्ज नहीं हुआ। पूर्व में 5वीं-8वीं की परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन स्वयं के स्कूल में होता था, लेकिन इस साल ऐसा नहीं होगा। बोर्ड की तर्ज पर उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने और मूल्यांकन करने के लिए इसे दूसरे संकुलों में भेजा जाएगा। मूल्यांकन के बाद तय नियमों का पालन कर इसे संबंधित स्कूलों को सौंप दिया जाएगा, इसके बाद अंकसूची जारी की जाएगी। अब से कक्षा 5वीं और 8वीं के बच्चों की नियमित परीक्षाएं होंगी। ऐसे में यदि बच्चा वार्षिक परीक्षा में फेल हो जाता है, तो उसे सीधे अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे एक अतिरिक्त मौका देते हुए दोबारा से परीक्षा में शामिल किया जाएगा।



ब्लाकों ये रही परीक्षार्थियों की उपस्थिति शैक्षणिक जिला जांजगीर-चाम्पा में कक्षा 5वीं परीक्षा के लिए जिले में 17,637 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,578 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 1,059 अनुपस्थित थे। अकलतरा ब्लाक में 3,051 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2,807 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 244 अनुपस्थित थे। इसी तरह बलौदा ब्लाक के 2,762 में से 2,613 परीक्षार्थी शामिल हुए। बम्हनीडीह ब्लाक के 2,947 में से 2,817 परीक्षार्थी शामिल हुए। नवागढ़ ब्लाक के 5,152 में से 4,899 परीक्षार्थी शामिल हुए।

## थवाईत तंबोली महिला समिति द्वारा स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**चांपा।** थवाईत तंबोली महिला समिति चांपा द्वारा ब्राह्मण पारा स्थिति हैप्पी भवन मे स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे नगरपालिका चांपा के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, विशिष्ट अतिथि के रूप मे शिवरीनारायण नगरपंचायत के अध्यक्ष राहुल थवाईत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जय थवाईत वार्ड नं 5 के पार्षद महेन्द्र तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, अधिवक्ता भीमन थवाईत उपस्थित थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता थवाईत तंबोली महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री थवाईत ने की .

सर्व प्रथम अतिथियों ने नगर की कुलदेवी मां समलेश्वरी की छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.तत्पश्चात श्रीमती सीमा थवाईत एवं सताक्षी थवाईत द्वारा समवेत स्वर मे अरपा पैरी की धार गीत प्रस्तुत किया गया, सांभवी थवाईत द्वारा अतिथियों के स्वागत मे गीत के साथ नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया.ओम प्रकाश थवाईत,शेखर थवाईत,संतराम तंबोली,डा.सुरेश थवाईत संतोष थवाईत अजय थवाईत शिव थवाईत,नरेश थवाईत आदि ने अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया. थवाईत तंबोली महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री थवाईत ने स्वागत उद्बोधन दिया. समिति का प्रतिवेदन रखते हुए श्रीमती शांति थवाईत ने समाज के लिए भवन निर्माण के लिए अतिथियों से सहयोग करने का अनुरोध किया. मुख्य अतिथि चांपा पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने थवाईत तंबोली महिला समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज के भवन निर्माण मे हर संभव सहयोग देने की बात कही.विशिष्ट अतिथि





शिवरीनारायण नगरपंचायत के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने कहा कि भले ही आज मै शिवरीनारायण नगरपंचायत का अध्यक्ष हूं और अतिथि के रूप मे आपके सामने आया हूं लेकिन चांपा मे मेरा बचपन से नाता रहा है . उन्होंने महिला समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा चांपा की यह महिला समिति हमारे समाज का गौरव बढ़ा रही है . विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष जय थवाईत,वार्ड पार्षद महेन्द्र तिवारी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया. श्रीमती गीता थवाईत, श्रीमती ऋचा थवाईत, श्रीमती नमिता थवाईत,श्रीमती कविता थवाईत, श्रीमती ममता थवाईत ने बारी बारी से सभी अतिथियों के अभिनंदन पत्र का वाचन किया तत्पश्चात समिति द्वारा अतिथियों को अभिनंदन पत्र ,श्री फल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राहुल थवाईत के साथ शिवरीनारायण नगरपंचायत के पार्षद डा.धर्मेन्द्र राम , सत्येन्द्र केंवट एवं कनस्दा के सरपंच अजय केंवट भी उपस्थित थे उनका भी स्वागत किया गया. संतोष थवाईत एवं श्रीमती गायत्री थवाईत द्वारा अनंत थवाईत एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत चाबू को श्रीफल एवं शाल भेंट किया गया. कार्यक्रम का संचालन अनंत थवाईत ने किया तथा आभार प्रगट श्रीमती ममता थवाईत किया. कार्यक्रम मे थवाईत तंबोली समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे.


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.Q/ब-121/2024-25
ग्राम कोरबा, प.ह.न. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अर्जुन लाल पिता/पति परदेशी राम जाति लोहार निवासी कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा द्वारा अपने माता विमला देवी का दिनांक 5.03.2010 को मृत्यु होने का उल्लेख करते हुए जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बावत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 16.04.25 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, कोरबा (छ.ग.)**


## चेट्रीचंड्र महोत्सव के लिए तैयारी शुरू आज शाम निकलेगी भव्य बाइक रैली

**चांपा।** सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। पूज्य सिंधी पंचायत और सिंधु युवा सेवा समिति के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन 27 से 30 मार्च तक होगा। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता अपेक्षित है।

सिंधु युवा सेवा समिति के सदस्य घर-घर और दुकानों पर जाकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। समिति के कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आयोजन धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है। साथ ही, समाज को एकजुट करने का भी अवसर है। 27 मार्च को जागरण महोत्सव का शुभारंभ कुश वाटिका में रात 9 बजे से भव्य जागरण के साथ होगा।

## मौसम में बदलाव के साथ लोग हो रहे बीमार, ओपीडी में बढ़ी भीड़

**जांजगीर।** मौसम में आए बदलाव व गर्मी का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर दिखने लगा है। मौसम के साथ ही अब अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। बुधवार को जांजगीर का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई, जबकि गुरुवार को यह आंकड़ा 42 डिग्री तक जा पहुंच गया था। बढ़ते तापमान के बीच इन दिनों जिला अस्पताल में गैस्ट्रोएंटेराइटिस, लूज मोशन, सर्दी-खांसी व डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गई है।

पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में रोजाना 400 से 500 मरीजों का इलाज ओपीडी में किया जा रहा है। वहीं बुधवार को 589 मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। वहीं गुरुवार को आंकड़ा लगभग 600 तक पहुंच गया। इनमें करीब 100 मरीज पेट संबंधी शिकायत लेकर आए थे। डॉक्टरों के अनुसार, खानपान में बदलाव कर बदलते मौसम में भी स्वस्थ रहा जा सकता है। इन दिनों पेट संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार पानी को 20 मिनट तक उबालकर पीएं, वरना संक्रमण बढ़ सकता है। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक साहू ने बताया कि मौसम में बदलाव से पेट से जुड़ी समस्याओं की शिकायतें बढ़ी हैं। इनमें डायरिया, उल्टी, गैस, पेट दर्द व डिहाइड्रेशन के मामले सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा सर्दी, खांसी व गले में खराश वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। डॉक्टरों ने बताया कि बदलते मौसम में शरीर की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। तापमान में तेजी से बदलाव होने से वायरस और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।पर्याप्त पानी नहीं पीने के कारण होता है डिहाइड्रेशन डॉ. दीपक साहू ने बताया कि शरीर से बाहर निकलने वाला पानी शरीर में जाने वाले पानी से ज़्यादा होने पर डिहाइड्रेशन होता है। इसके कई कारण हो सकते हैं। जैसे पर्याप्त पानी नहीं पीना, ज्यादा पसीना आना, दस्त व उल्टी, बुखार तथा मूत्रवर्धक व बीपी की दवाएं व किडनी की खराबी हो सकती है।



देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की तैयारी अंतिम चरण


**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**NOTICE**

17.03.2024

To,
Dr. Ashok Kumar Lahare,
Sr. Medical Officer,
EIS-90392986,
Kapildhara Dispensary,
Kurja Sub Area,
Hasdeo Area, SECL

Home Address:
Dr. Ashok Kumar Lahare,
M-84, PUMP HOUSE COLONY
KORBA, PO. & DISTT.- KORBA
CHHATTISGARH 495677

Sub: Enquiry in to the charges framed vide memorandum no. एसईसीएल/बीएसपी/ईई/रूल - 30/24/6586 Dtd. 25.07.2024. -

Received above captioned order from disciplinary authority (CMD, SECL, Bilaspur) appointing me as enquiry officer in the above case along with the following documents:-

a) Copy of Charge Sheet along with Annexure-1, Annexure-2 & Annexure-3.
b) Copy of order no एसईसीएल / बीएसपी/अधि.स्था./24/7622 दिनांक 17/18.09.2024 appointing Shri Rupesh Kumar Tamrakar, Dy. Manager (P) as presenting officer in above case.

The proceedings will be taken up by me in my office, AGM, Officer, Hasdeo Area, SECL at 11:00 AM on 28'March 2025 and in view of the above it is decided that the inspection of the documents will be carried out on any working day between 11:00 AM to 2:00 PM in the office of presenting officer. If you require any document for the purpose of your defence a list may be submitted with full details showing relevance of the documents in the case for defence. The request should reached to the office of enquiry officer 28'March 2025. The request will be examined and necessary action will be taken to provide the relevant document, failing which it will be presumed you does not require any document for defence.

Accordingly, you are advice to attend the proceedings on the given time and date at office of Area General Manager, Hasdeo Area.

Enquiry Officer & Manager (P),
AHQ, Hasdeo Area



**कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

फा.क्र./संपदा/15/ लीज हस्तां./2025 — कोरबा, दिनांक 20.03.2025

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा भूखण्ड के लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | भूखण्ड का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड | | | | |
| 1 | 1/श्री विशाल राणा आ. स्व. एस.के.राणा, 2/ श्रीमती रीना राणा आ. स्व. एस.के.राणा पति श्री जितेन्द्र पाल एवं 3/ पूजा राणा आ. स्व. एस. के.राणा, निवासी- भूखण्ड क्र.-153, कोसाबाड़ी कोरबा तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री अमरदीप शर्मा आ. श्री सुरेन्द्र शर्मा, निवासी- रूम नं.-जे.विंग 301, ग्रीनउड्स सर, एम.व्ही.रोड, चकला मेट्रो स्टेशन के पास, मुंबई चकला, एम.डी.सी.महाराष्ट्र 400093, हाल मुकाम- प्लाट नं.-153, कोसाबाड़ी पानी टंकी के पीछे, कोसाबाड़ी कोरबा, तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) | कोसाबाड़ी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 153 साईज 40'×60'= 2400 वर्गफुट |
| 2. | श्री झाडू राम साहू आ. श्री मयाराम एवं श्रीमती ललिता साहू पति श्री झाडूराम साहू, निवासी- मकान नं.-502, श्री राम हाईट, कैलाश नगर सुपेला भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री तुषार गुप्ता आ. श्री अनूप गुप्ता, निवासी- प्लाट नं.-224, राजीव नगर, दर्री, एच.पी.पी.एस. जेलगांव, तह.-दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 170 साईज 40'×50'= 2000 वर्गफुट |
| 3. | शैम्स तबरेज आ. अब्दुल मन्नान, निवासी-फ्लैट नं.-412, वैभवन होम्स, वार्ड नं.-12, शारदा विहार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री रविन्द्र कुमार अग्रवाल आ. श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल, निवासी-प्लाट नं.-08, विजया टाकीज रोड, टी.पी.नगर कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 430 साईज 1627.50 वर्गफुट |
| 4. | श्रीमती रेणु देवी अग्रवाल पति श्री जयसिंह अग्रवाल, निवासी-शांति निवास, अग्रसेन भवन के सामने कोरबा, तह.व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती चांदनी अग्रवाल पति श्री रिशु अग्रवाल, निवासी-शांति निवास, अग्रसेन भवन के सामने कोरबा, तह.व जिला-कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 30/ए साईज $22^{1/2}$'×90'= 2044 वर्गफुट |
| 5 | श्री जयसिंह अग्रवाल आ. स्व. रामकुमार अग्रवाल, निवासी-शांति निवास, अग्रसेन भवन के सामने कोरबा, तह.व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती चांदनी अग्रवाल पति श्री रिशु अग्रवाल, निवासी-शांति निवास, अग्रसेन भवन के सामने कोरबा, तह.व जिला-कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 29 साईज 50'×90'= 4500 वर्गफुट |

**नोट :-** निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छ.ग.)**


## मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर का चुनाव संपन्न

### पूनम अग्रवाल अध्यक्ष,मनीषा जगनी सचिव पूनम जगनी कोषाध्यक्ष नियुक्त

**जांजगीर चांपा।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर का चुनाव 26 3.2025 दिन बुधवार को शाम 4.00 बजे अग्रसेन भवन जांजगीर नैला में संपन्न हुआ जिसमें शाखा की समस्त सदस्य मौजूद थी शाखा के सदस्यों द्वारा एक राय होकर श्रीमती पूनम अग्रवाल को अध्यक्ष श्रीमती मनीषा जगनी को सचिव व श्रीमती पूनम जगनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया अध्यक्ष द्वारा अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती अंजू अग्रवाल श्रीमती नीता अग्रवाल सहसचिव के रूप में कल्याणी भोपालपुरिया मीडिया प्रभारी का दायित्व श्रीमती अंजू अग्रवाल व श्रीमती खुशबू अग्रवाल को सोपा गया ।

इसी क्रम में जन सेवा संयोजक के रूप में श्रीमती सुधा झाझडिया व सपना झाझडिया को बनाया गया इसी प्रकार नारी चेतना संयोजक के रूप में श्रीमती कंचन जगनी श्रीमती सोमीना अग्रवाल अंगदान संयोजक श्रीमती अनीता अग्रवाल कन्या बुर्ड संयोजक श्रीमती पूनम अग्रवाल (रूई भंडार) श्रीमती ज्योति अग्रवाल कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रियंका मोदी और श्रीमती ममता मोदी को बनाया गया नई कार्यकारिणी के गठन उपरांत सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी में बने पदाधिकारीयो को फूल माला पहनाकर स्वागत किया शाखा की नई अध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाखा एक परिवार की तरह होता है और आपने मुझे अपने परिवार का प्रमुख बनाया है ।

इस जिम्मेदारी को मैं बखूबी निभाऊंगी और अपने शाखा के सभी सदस्यों को साथ में लेकर काम करूंगी और शाखा को ऊंचाई तक पहुंचाऊंगी वर्ष भर किसी न किसी प्रकार का शाखा द्वारा आयोजन करते रहेंगे और शाखा के द्वारा कई तरह के आयोजन कराते रहेंगे चुनाव उपरांत अग्रसेन भवन के सामने



स्थित शिव मंदिर मे माथा टेककर नई कार्यकारिणी ने अपना कार्य प्रारंभ किया इसी क्रम में शिव मंदिर से अग्रसेन भवन तक नई कार्यकारिणी का ढोल ताशे के साथ रैली निकाल कर स्वागत किया गया ।

उक्त नई कार्यकारिणी के गठन पर मारवाड़ी युवा मंच जोन 4 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी नन्ही मुस्कान फाऊंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मोदी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती प्रियंका मोदी मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती रीना केडिया प्रांतीय सदस्य श्रीमती मीना बंसल ने सभी पदाधिकारीयो को बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अनमोल वचन......

**सफलता एक घटिया शिक्षक है यह लोगों में यह सोच विकसित कर देता है कि वो असफल नहीं हो सकते**

# शांति की संभावना अनिश्चितता

जनवरी में हुए युद्ध विराम से लगने लगा था कि शायद कोई ऐसा मजबूत समझौता हो जाएगा जिससे मध्य-पूर्व की स्थिति में लंबे समय से सामने आ रहा तबाही का मंजर बदल जाएगा और फिलिस्तीनियों को अपने आपको फिर से खड़ा करने के लिए थोड़ी राहत मिलेगी। लेकिन गाजा पट्टी में इजरायल के अचानक हुए हमले में एक बार फिर शांति की संभावनाओं को अनिश्चितता की ओर धकेल दिया है। हमले में चार सौ लोगों के मारे जाने का समाचार है जिनमें बड़ी संख्या में औरतें और बच्चे भी हैं।

वैसे तो युद्ध का अपना तर्क होता है कि बम और गोलियां चाहे जिस ओर से चलें और चाहे जिस पर चलें बूढ़े-बच्चों का भेद नहीं करती हैं। हमास ने भी 7 अक्टूबर, 2023 के हमले में भयानक बर्बरता का परिचय दिया था और उसमें भी औरतों और बच्चों का कोई लिहाज नहीं किया गया था। लेकिन मानवीयता कहती है कि बर्बरता का उत्तर हमेशा बर्बरता ही नहीं होता। हालांकि इजरायल ने कहा कि उसने यह हमला इसलिए किया कि हमास ने शेष बंधकों को रिहा करने और युद्ध विराम को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। इसका मतलब कि हमास युद्ध विराम के नियमों का पालन नहीं कर रहा था और उन बंधकों को भी वापस नहीं कर रहा था जिनकी वापसी इस युद्ध समाप्ति की पहली शर्त है।

यह भी पता नहीं है कि जिन बंधकों की रिहाई की बात हो रही है, वे किस हालत में हैं, जीवित भी हैं या नहीं। बहुत से बंधकों के मरने की खबर आ चुकी है। इस मामले में हमास की अस्पष्टता ने मामले को उलझाया ही है जिसको इजरायल ने अपने आक्रमण का बहाना बनाया है। राष्ट्रपति ट्रंप के आने के बाद से रणनीतिक परिस्थितियां इजरायल के पक्ष में आ गई हैं।

वर्तमान हालात को देखते हुए हमास के लिए यही हितकर होता कि वह इजरायल को नये हमलों के बहाने उपलब्ध नहीं कराता, लेकिन हमास जैसे उग्रवादी संगठन से इस तरह की समझदारी की अपेक्षा नहीं की जा सकती। अगर उसमें सचमुच समझदारी होती तो ऐसा हमला इजरायल पर नहीं किया होता जैसा कि 7 अक्टूबर को किया था। अब भी हमास समझदारी से काम ले तो कुछ बात बन सकती है अन्यथा इजरायल तो हमास और फिलिस्तीन को नेस्तनाबूद करने के मिशन पर चल ही रहा है। संकेत मिल रहे हैं कि इजरायल नये सिरे से जमीनी सैन्य अभियान शुरू कर सकता है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से कुछ अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज खास काम करना चाहते हैं, तो उसके लिए दिन बेहतरीन है। ऑफिस में आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इस राशि के कलाकारों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज धैर्य से काम करने पर सफलता जरूर मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। सोचे हुए काम पूरे होने से खुशी मिलेगी। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप एक साथ कई काम करने की कोशिश कर सकते हैं। बेहतर होगा काम को एक-एक करके पूरा करें। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से बचें, बड़ों की राय जरूर लें। आज उचित मेहनत से आपको सफलता मिलेगी। आज आपको बेवजह की उलझनों में पड़ने से बचना चाहिए। शत्रु पक्ष आज दोस्ती का हाथ बढायेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। स्वास्थ्य में चल रहे उतार-चढ़ाव से आज आपको छुटकारा मिलेगा। किसी अजनबी की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज आप किसी रिश्तेदार से मिलकर अपनी समस्या का हल निकाल सकते हैं। कोशिशों से उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पहले से बनाई गई योजनाएं आज सफल होंगी। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे। अपनी बात को सकारात्मक ढ़ंग से लोगों के सामने रखेंगे, तो फायदा होगा। पारिवारिक समस्यायों का समाधान निकालने में आज आप सफल होंगे। छात्र आज करियर को बेहतर दिशा देने के शिक्षकों से परामर्श लेंगे। व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दिन भर के भाग-दौड़ के बाद शाम को थकान महसूस हो सकती है । आज किसी भी मौके को हाथ से निकलने न दें। आज आप अपने काम में कम, दूसरे के कामों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। इसराशि के जो लोग अविवाहित है, आज उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों के साथ अधिक समय बितायेंगे। इस राशि के छात्रों के मन में आज कई तरह के विचार आयेंगे। अपने विचारों को घर वालों के साथ शेयर करने से आपको अच्छा महसूस होगा। आप अपनी बात को स्पष्ट रूप से कहने की पूरी कोशिश करेंगे। आज दूसरों के काम से कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। शुभ समाचार मिलने के योग नजर आ रहे हैं।

**धनु राशिः** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। कार्यक्षेत्र में रूका हुआ काम आसानी से पूरा हो जायेगा। ऑफिस में सीनियर से बातचीत करने पर सहयोग प्राप्त होगा । पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिये आज का दिन अच्छा है। घर में सभी के साथ तालमेल अच्छा बना रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिये दोस्तों से बहुत अच्छे सुझाव मिलेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज सामाजिक कार्यक्रम में किसी से मिलने जाना पड़ सकता है। परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान बदलना पड़ सकता हैं। ऑफिस में काम को लेकर सीनियर के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा।

**कुंभ राशिः**आज की गई मेहनत का पूरा फायदा आपको मिलेगा। घर के काम को समय से निपटा लेंगे। परिवार वालों के साथ अधिक टाइम स्पेंड करने से फायदा होगा। नई बातों को जानने के लिए आप उत्सुक होंगे। ऑफिस में साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी। मांगलिक कामों में शामिल होने का मौका मिलेगा।

**मीन राशिः**आज आपका दिन बेहतर रहेगा। हर कोई आपकी तरफ आकर्षित होगा। चारों तरफ से आपको प्रशंसा मिलेगी। अपना महत्वपूर्ण काम पूरा करने के बाद आप करीबी लोगों से मिलने-जुलने में व्यतीत करेंगे। आपके सामने करियरके नए अवसर खुलेंगे । पहले किये हुए काम का आज अच्छा परिणाम मिलेगा।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 किस तरह चिंताओं और मुद्दों का समाधान करता है

//हर्ष रंजन//

**वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है। यह नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाए और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाए।**

वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके।

2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्वामित्व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था।

एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। इस प्रावधान के कारण कई मामले सामने आए थे जहां सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों सहित अन्य कई संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस संशोधन के तहत, केवल औपचारिक वक्फ विलेख वाली संपत्तियों को ही वक्फ के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अनधिकृत दावों को रोका जा सके। हालांकि, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ के तहत मौजूदा पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जब तक कि वे विवाद में न हों या सरकारी स्वामित्व वाली न हों, जिससे सामुदायिक हितों और सार्वजनिक संपत्ति अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे।

वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गलत तरीके से अधिग्रहण को रोकने के लिए विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वक्फ के समान उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थापित लेकिन अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत विनियमित ट्रस्टों को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यह स्पष्टीकरण स्वतंत्र मुस्लिम धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रशासन में वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप को रोकेगा।

यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है। रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।

एक और मुख्य चिंता, गलत तरीके से सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की है, जैसा कि दिल्ली में 123 वक्फ संपत्तियों और सूरत नगर निगम से जुड़े विवादों के मामलों में देखा गया है। इसका मुकाबला करने के लिए धारा 3सी में प्रावधान है कि पहले या वर्तमान में वक्फ के रूप में घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति तब तक वक्फ की नहीं मानी जाएगी जब तक कि किसी नामित अधिकारी द्वारा सत्यापित न हो। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त यह अधिकारी जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संपत्ति सुरक्षित है।विधेयक में लंबित वक्फ सर्वेक्षणों की जिम्मेदारी कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राज्य के राजस्व कानूनों का पालन करेंगे। यह सुधार सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण अधिक कुशलतापूर्वक और बिना किसी पक्षपात के किए जाएं।

जवाबदेही की कमी, शक्ति का दुरुपयोग और बाहरी पक्षों के साथ मिलीभगत के लिए राज्य वक्फ बोर्डों की आलोचना की गई है। इन मुद्दों के निराकरण के लिए, विधेयक में राज्य वक्फ बोर्डों को मासिक बैठकें आयोजित करने, नियमित निगरानी और निर्णय लेने का आदेश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वक्फ पंजीकरण के लिए कोई भी आवेदन सत्यापन के लिए कलेक्टर को भेजा जाएगा, जिससे प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित होगी और वक्फ बोर्डों द्वारा मनमाने निर्णय लेने से रोका जा सकेगा।

इसके अलावा, विधेयक धारा 40 को हटाकर वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की विशेष शक्ति को तर्कसंगत बनाता है, जो पहले पूरी तरह से जांच के बिना ऐसी घोषणाओं की अनुमति देता था। वक्फ प्रबंधन की अखंडता के लिए, नए प्रावधानों में कदाचार में शामिल मुतवल्लियों (वक्फ संपत्तियों के संरक्षक) के लिए सख्त अयोग्यता मानदंड पेश किए गए हैं।

हितधारकों के लिए बेहतर कानूनी सहारा प्रदान करने के लिए, विधेयक में धारा 83(9) के तहत एक अपीलीय तंत्र शामिल है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न्यायाधिकरण के फैसलों को चुनौती दी जा सके जिससे विधिक उपाय मजबूत होंगे। इसके अलावा, वक्फ विवादों के लिए सीमा अधिनियम की प्रयोज्यता अनिश्चितकालीन मुकदमेबाजी को रोकेगी, जिससे विवादों का समय पर समाधान हो सकेगा।

अंत में, इस विधेयक में धारा 108ए को हटाने का प्रस्ताव है, जो पहले अन्य कानूनों पर अधिभावी अधिकार प्रदान करती थी। यह वक्फ शासन के लिए और अधिक समान और कानूनी रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है।

कुल मिलाकर, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, अनधिकृत दावों को रोकने और वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी सुधारों को पेश करता है। पारदर्शिता, कानूनी स्वामित्व सत्यापन और प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर देकर, विधेयक मुस्लिम समुदाय और बाकी जनता दोनों के हितों की रक्षा करते हुए वक्फ बोर्डों की विश्वसनीयता बहाल करना चाहता है।

# विकास के बजाए विवादित मुद्दे बन गए हैं सत्ता का आसान रास्ता

**बेरोजगारी, गरीबी, अपराध, लिंगभेद, चिकित्सा और आधारभूत जैसी सुविधाओं के समाधान के बजाए देश के नेता इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ कर वोट पाने का आसान रास्ता चुन रहे हैं। इसी क्रम में नया विवाद महाराणा सांगा पर दिए गए बयान पर पैदा हुआ है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का डीएनए है। सपा सांसद रामजी लाल ने कहा कि मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन। इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। उन्होंने कहा कि मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते।**



सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं, वे बाबर और राणा सांगा की तुलना कभी नहीं कर सकते और उन्हें एक ही तराजू पर नहीं रख सकते। महाराणा सांगा ने आजादी की अलख जगाई थी। उन्होंने भारत को गुलामी से बचाया और साथ ही भारत की संस्कृति को सनातनी बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। कुछ क्षुद्र और छोटे दिल वाले लोग ऐसी बातें करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी चर्चाओं की कोई गुंजाइश नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब नेताओं ने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस तरह के विवादों को हवा दी है। इससे पहले भी ऐतिहासिक मुद्दों पर देश में दरार डालने के प्रयास होते रहे हैं। बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, जिसमें राजपूत समुदाय ने फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया था। इस विवाद का परिणाम यह निकला कि चित्तौडग़ढ़ के किले में स्थित पद्मावती महल में अराजक तत्वों ने उन शीशों को तोड़ दिया, जिनके बारे में कहा जाता है कि दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने इन्हीं आईनों के जरिए राजपूत रानी पद्मावती को देखा था। इसी तरह तीन साल पहले बॉलीवुड फिल्म पानीपत से शुरू हुआ विवाद एक टीवी धारावाहिक तक आ पहुंचा। धारावाहिक में खांडेराव होल्कर से पूर्व महाराजा सूरजमल को युद्ध में हारना दिखाया गया। वहीं, इतिहासकारों का दावा है कि पूर्व महाराजा सूरजमल कभी युद्ध नहीं हारे। बल्कि खांडेराव होल्कर की मौत उनके साथ युद्ध में हुई थी। इसको लेकर रूपवास व कुम्हेर थाने में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज कराई गई। मैसूर के राजा रहे टीपू सुल्तान की 10 नवंबर को मनाई जाने वाली जयंती को लेकर भी खूब कलह हुआ है। मैसूर का शेर कहलाने वाले टीपू की जयंती की शुरुआत कांग्रेस के शासन में हुई लेकिन बीजेपी इसका विरोध करती रही।

कर्नाटक में टीपू सुल्तान की जयंती मनाने को लेकर नौबत यहां तक आ गई कि कई शहरों में सुरक्षा को देखते हुए धारा 144 लगाई गई और विरोध प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी और कुछ हिन्दू संगठनों ने सरकार से मांग की थी कि वह टीपू सुल्तान की जयंती मनाने का कार्यक्रम और उन्हें महिमामंडित करने की योजना रोक दें। बीजेपी की निगाह में टीपू सुल्तान धार्मिक रूप से कट्टर और हिन्दू विरोधी शासक था। भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने उत्तर भारत के 9वीं सदी के राजपूत शासक सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें एक गुज्जर बताया। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने जौनपुर गांव में सम्राट मिहिर भोज की एक प्रतिमा भी समर्पित की, जिसमें उन्हें गुज्जर बताया गया। इसका राजपूत समुदाय ने कड़ा विरोध किया। बिहार में गठबंधन से पहले भाजपा ने नीतीश सरकार पर इतिहास के छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने यहां तक कहा था कि सरकार ने प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह का अपमान किया है। बिहार के पूर्व मंत्री भीम सिंह ने बिहार सरकार खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मोहम्मद युनूस को बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री बताते हुए उनके जन्म दिवस पर राजकीय जयंती समरोह मनाए जाने को बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था कि मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत इतिहासह्य के साथ छेडछाड की जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंदिर-मस्जिद विवाद पर नेताओं ने जम कर रोटियां सेकी। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर हिंसा में पांच लोग मारे गए। इसके बाद देश के दूसरे हिस्सों में इसी तरह के विवाद पैदा हो गए। अजमेर में दरगाह में हिंदू मंदिर का दावा करते स्थानीय अदालत में मामला दायर किया गया। इसी तरह देश के दूसरे हिस्सों में भी मस्जिदों में मंदिर होने को लेकर अदालतों में मामले दायर किए गए। नेताओं ने तभी पैर पीछे खींचे जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे विवादों पर रोक लगा दी।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम की वैधता पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक देश में मंदिर-मस्जिद विवादों से जुड़े नए मुकदमे दर्ज नहीं किए जा सकते, और न ही कोई चल रहा मामला सर्वेक्षण या अंतिम आदेश के साथ आगे बढ़ सकता है। यह विवाद पूरी तरह थमा भी नहीं कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद पैदा हो गया। इस पर भाजपा और विपक्षी दलों ने आरोप-प्रत्यारोप लगा कर देश का माहौल गर्माने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी। इसका परिणाम यह हुआ कि नागपुर में हिंसा भड़क उठी। इसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। आम लोगों को कर्फ्यू के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे विवादों की चपेट में अक्सर देश का मजदूर, गरीब और कामकाजी वर्ग आता है। इन विवादों की जड़ में आसान सत्ता की राजनीति की चाहत है। दरअसल नेताओं को पता है कि देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान आसान नहीं है, जबकि ऐसे विवादों के जरिए लोगों को बरगला लाकर सत्ता आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और उनकी पत्नी शिवश्री स्कंदप्रसाद।



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत।




पटना में राज्य विधानसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ राजद और भाकपा-माले विधायकों ने किया प्रदर्शन।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान परिषद के सभापति अब्देश नारायण सिंह और विधान पार्षद पटना में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक समूह फोटो के लिए पोज देते हुए।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने नई दिल्ली में सीयूईटी और एनईईटी की तैयारी कर रहे कक्षा 12 के छात्रों के लिए मुफ्त क्रैश कोर्स प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार और फिजिक्स वाला के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची के रातू रोड में रांची बंद 2025 के दौरान झारखंड की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# कठुआ मुठभेड़ में तीन जवान बलिदान, 3 आतंकी ढेर, सर्च अभियान जारी



**जम्मू, 28 मार्च [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के दूरदराज के जंगली इलाके में दिनभर चली भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। इस एनकाउंटर में तीन जवान बलिदान भी हुए। वहीं, मुठभेड़ में एक पुलिस उपाधीक्षक सहित सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई। ऐसे माना जा रहा है कि जंगलों में छिपे ये आतंकी पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन के सदस्य हैं। मुठभेड़ के दौरान भारी गोलीबारी और विस्फोट भी हुए। दर्जनों स्थानीय युवकों को भारी हथियार और गोला-बारूद को घाटी के अंदर ले जाने में सुरक्षाबलों की मदद करते देखा गया।घायलों में कई जवान घायल हुए थे जिसमें तीन जवान शहीद हो गए। दो घायल जवानों का इलाज चल रहा है। घायलों की हालत स्थिर है। शहीद जवानों की पहचान तारिक अहमद, जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान भीषण गोलीबारी और विस्फोट हुए। कठुआ जिले का शांत गांव सुफैन गोलियों, ग्रेनेड और रॉकेट फायर की आवाजों से थर्रा उठा। सेना के अधिकारियों ने बताया कि विशेष सूचना मिलने के बाद जवान जब वहां पहुंचे तो आतंकवादी जंगल से गुजर रहे थे। इस दौरान मुठभेड़ आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान तीन जवान बलिदान और तीन आतंकी ढेर हो गए। राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में जखोले गांव के पास हुई मुठभेड़ में करीब पांच आतंकवादियों के एक ग्रुप ने सर्च ऑपरेशन के दौरान फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के अतिरिक्त बलों को तुरंत इलाके में तैनात किया गया।इस दौरान गोलीबारी में विशेष पुलिस अधिकारी भरत चलोत्रा घायल हो गए थे। उनके चेहरे पर चोटें आई हैं। उन्हें कठुआ के एक अस्पताल में इलाज के बाद जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के नेतृत्व में सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। जिसमें दो आतंकियों को ढेर कर दिया। हालांकि, अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह वही आतंकवादी था, जो कठुआ के सान्याल जंगल में छिपा हुआ था, या हाल ही में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों का ग्रुप था।

सर्च ऑपरेशन जारी है। तलाशी अभियान के लिए हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन, बुलेटप्रुफ वाहन और डॉग स्क्वायड की मदद ली गई। उधर, सोमवार को हीरानगर मुठभेड़ स्थल के पास एम4 कार्बाइन की चार भरी हुई मैगजीन, दो ग्रेनेड, एक बुलेटप्रुफ जैकेट, स्लीपिंग बैग, ट्रैकसूट, खाने के पैकेट और आईईडी बनाने की सामग्री बरामद हुए थे। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ जारी है। गोलीबारी खत्म होने के बाद ही स्पष्ट तस्वीरें सामने आएंगी। कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में आतंकियों की सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई थी।

## फिर से डाउन हुआ एलन मस्क का x, हजारों यूजर्स रहे परेशान

**वाशिंगटन, 28 मार्च [एजेंसी]।**

एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म गुरुवार को एक्स एक बार फिर ठप पड़ गया। एक्स की सर्विस डाउन होने से गुरुवार को हजारों यूजर्स काफी परेशान दिखे, जो दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी भड़ास निकाल रहे थे। आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर.कॉम के अनुसार, गुरुवार को यूएस में एलन मस्क का एक्स हजारों यूजर्स के लिए डाउन रहा। डाउनडिटेक्टर ने दिखाया कि 03.07 बजे (स्थानीय समयानुसार) तक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के साथ समस्याओं की रिपोर्ट करने वाले 18,000 से ज्यादा मामले थे, जो कई स्त्रोतों से स्टेटस रिपोर्ट को एकत्रित करके आउटेज को ट्रैक करता है। एलन मस्क के माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के दुनियाभर में करोड़ों यूजर्स हैं। ऐप या वेबसाइट में आई छोटी सी भी दिक्कत करोड़ों यूजर्स को प्रभावित करती हैं।

## मध्य प्रदेश के सागर में पुलिस टीम पर हमला, ग्रामीणों ने किया पथराव, चार पुलिसकर्मी घायल

**सागर 28 मार्च।** मध्य प्रदेश में पुलिस टीम पर फिर हमला किया गया है। सागर जिले के सुरखी थाना क्षेत्र के महुआ खेड़ा में एक वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। पथराव में करीब चार पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव का माहौल तनावपूर्ण होने के बाद अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा गया।बताया गया है कि पुलिस को दो वारंटी पकड़ने थे, इसके लिए गुरुवार शाम को सुरखी थाना पुलिस की टीम ग्राम महुआखेड़ा में पहुंची। यहां पुलिसकर्मियों को लोगों ने घेर लिया। इनमें महिलाओं भी थीं। इसके बाद इन लोगों ने पुलिस कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया।बताया गया है कि पुलिस टीम को जाना था, सुरखी थाना क्षेत्र के महुआ खेड़ा गांव में लेकिन वे गलती से जैसीनगर थाना क्षेत्र के महुआ खेड़ा गांव में पहुंच गए थे। यहां वारंटियों के बारे में ग्रामीणों से पूछताछ करने लगे तो कुछ ग्रामीणों से बहस हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने पथराव कर दिया। इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें जान बचाने के लिए भागना पड़ा।बाद में पुलिस अधिकारी गांव में पहुंचे और हमलावरों की तलाश शुरू की गई। फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में अभी कोई जानकारी देने से इन्कार किया है। वहीं, घायल पुलिसकर्मियों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।



## दिशा सालियान के पिता ने फिर से एफआईआर दर्ज करने की मांग की, आदित्य ठाकरे पर नार्को टेस्ट को लेकर कही ये बात

**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने कहा है कि मैं आज ही नार्को टेस्ट कराने के लिए तैयार हूं। लेकिन, पुलिस को दी गई मेरी शिकायत में जिन लोगों के नाम हैं, उनका भी नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। कहा कि इसमें आदित्य ठाकरे का नाम भी शामिल है। शिवसेना (यूबीटी) के लोकसभा सांसद अरविंद सावंत ने सतीश सालियान का नार्को टेस्ट किए जाने की मांग की थी। इसी के जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं। इस बीच, सतीश सालियान ने अपने अधिवक्ताओं के साथ दक्षिण मुंबई स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) से मुलाकात की। बताया गया है कि उन्होंने अपनी बेटी दिशा सालियान की मौत के मामले में शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की।

इस संबंध में वह पहले ही पुलिस को लिखित शिकायत दे चुके हैं। दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने जून 2020 में रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई अपनी बेटी की मौत की नए सिरे से जांच कराने के लिए बांबे हाई कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ दुष्कर्म किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई।

## यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने से कोई नुकसान नहीं, पीथमपुर में ही पूरा जलाया जाएगा

**जबलपुर, 28 मार्च [एजेंसी]।**

भोपाल में यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री के जहरीले कचरे को पीथमपुर में जलाकर निष्पादित करने के ट्रायल रन (परीक्षण) में किसी तरह का नुकसान सामने नहीं आया है। यह बात मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में राज्य शासन की ओर से गुरुवार को प्रस्तुत स्टेटस रिपोर्ट में कही गई।कोर्ट को बताया गया कि ट्रायल रन सभी नियमों का पालन करते हुए किया गया था। तीनों आशा के अनुरूप सफल रहे। इनमें 10-10 टन कचरा जलाया गया। इनकी रिपोर्ट सही पाई गई। इस तरह किसी तरह के नुकसान की आशंका निर्मूल साबित हो गई।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार आगामी 72 दिनों में जहरीले कचरे को जलाकर नष्ट किया जाएगा। कचरा 270 किलो प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जाएगा। ट्रायल रन के पहले चरण में 27 फरवरी से 135 किलो कचरा प्रति घंटे जलाया गया। दूसरे चरण में चार मार्च से 180 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया। तीसरे व अंतिम चरण में 10 मार्च से 270 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया था।रिपोर्ट के अनुसार करीब 300 टन (कुल 337 टन में से 30 टन जलाया जा चुका है) कचरा जलने पर 900 टन राख निकलेगी, जिसे जमीन में गड्ढा खोदकर दबाया जाएगा।बता दें, कचरे में विषैले तत्वों के नियंत्रण के लिए चूना व अन्य पदार्थ भी मिलाए जा रहे हैं इसलिए अवशेष ज्यादा निकल रहा है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने इस स्टेटस रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेते हुए मामले की अगली सुनवाई 30 जून को नियत कर दी। यूनियन कार्बाइड के 30 टन कचरे को अब तक ट्रायल रन के तहत 12 दिन में जलाकर नष्ट किया गया। पीथमपुर में रि-सस्टेनेबिलिटी कंपनी के भस्मक संयंत्र में 850 से 1100 डिग्री सेल्सियस पर इस कचरे को भस्म किया गया ताकि इसमें मौजूद हानिकारक तत्व पूर्ण रूप से नष्ट हो जाएं।



इस कचरे में यूनियन कार्बाइड परिसर की मिट्टी, रिएक्टर अवशेष, सेविन (कीटनाशक) अवशेष, नेफ्थाल अवशेष हैं। इन्हें जलाने के दौरान पारा, डायक्सीन, सल्फर डाईआक्साईड भी बनते हैं। इसके नियंत्रण के लिए इसमें चूना और एक्टिवेटेड कार्बन मिलाया जाता है।कचरा जलने के बाद बनी फ्लू गैस को स्प्रे डायर में भेजकर उस पर पानी का छिड़काव किया जाता है। गैस को तेजी से ठंडा करने से दोबारा हानिकारक तत्व नहीं बनते। इस गैस को मल्टी साइक्लोन मशीन से गुजारा जाता है। इससे भारी कण अलग हो जाते हैं। फिर गैस को ड्राय स्क्रबर से गुजारा जाता है। वहां चूना, एक्टिवेटेड कार्बन व सल्फर के मिश्रण का छिड़काव गैस पर किया जाता है। इस प्रक्रिया में गैस से सभी एसिडिक तत्व जैसे सल्फर डाईआक्साईड, सल्फर ट्राइआक्साईड और हाइड्रो क्लोरिक एसिड को खत्म कर दिया जाता है। फिर गैस को 35 मीटर ऊंची चिमनी से वातावरण में छोड़ा जाता है। चिमनी में लगे सेंसर से गैस में हानिकारक तत्वों की लगातार निगरानी की जाती है। बची राख को वैज्ञानिक तरीके से जमीन में दबाया जाएगा।

## पति ने अखबार और सब्जी बेचकर दिलाई नौकरी, पड़ोसी के साथ फुर्र हो गई पत्नी



**अररिया, 28 मार्च [एजेंसी]।**

अखबार और सब्जी बेचकर पत्नी को शिक्षिका बनाया। उम्मीद थी की दोनों बच्चों की परवरिश बेहतर तरीके से हो सकेगी और घर में खुशहाली आएगी। कभी नहीं सोचा था कि नौकरी मिलने के बाद पत्नी बेवफा निकल जाएगी और पति और बच्चों को ठुकरा कर दूसरे के साथ चली जाएगी। यह पीड़ा पूर्णियां जिला के केनगर थाना क्षेत्र के एक पति की है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी बौंसी थाना क्षेत्र के एक गांव में पंचायत शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। स्कूल के समीप गांव में एक किराए के मकान में रहकर स्कूल आती जाती थी। सूचना मिली कि पड़ोस के एक सुनील राम के साथ प्रेम-प्रसंग में फरार हो गई। उसे न तो अपनी नौकरी की चिंता रही और न ही पति और दो मासूम बच्चों की। पीड़ित पति ने डीईओ, डीएम और बौंसी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पति ने बताया कि उसकी पत्नी को पड़ोस के ही एक व्यक्ति और उनके माता-पिता व भाई ने साजिश रचकर बहकाकर भगा ले गए हैं। तीन दिन बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है।पीड़ित पति ने बताया कि वर्ष 2008 में नियोजन में शिक्षिका पद पर आवेदन दी थी। लेकिन किसी कारण से उस साल नियोजन नहीं सका था। हाईकोर्ट में मुकदमा लड़कर केस जीतने के बाद कोर्ट के आदेश पर 2018 में नियोजन पंचायत शिक्षिका के रूप में हुआ। शिक्षिका पद पर योगदान देने के बाद करीब सात-आठ माह तक वेतन नहीं मिला था। केस- मुकदमा, बच्चे की परवरिश और घर खर्चा चलाना मुश्किल हो गया था। सुबह में अखबार बांटते थे और दिनभर सब्जी बेचकर पत्नी और परिवार का खर्चा चलाते थे।पति ने बताया कि कर्ज का बोझ काफी बढ़ गया।

बैंक से ऋण, दोस्तों आदि से कर्ज लेकर किसी तरह काम चलाते रहे। अब सोचे थे कि दोनों मिलकर काम करेंगे तो जीवन बेहतर गुजरेगा। उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में पूर्णियां में एक निजी कंपनी में सेल्समेन के रूप में जॉब कर रहे हैं। साथ जीने और मरने की कसमें खानें वाली पत्नी की इस करतूत ने सारे अरमानों पर पानी फेर दिया है।स्कूल के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने बताया कि तीसरे दिन भी शिक्षिका स्कूल से बिना सूचना अनुपस्थित रही। विभाग को मामले से अवगत कराया जा रहा है। लगातार स्कूल से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने की जानकारी विभागीय अधिकारी को दी जा रही है। इधर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शिक्षिका की बरामदगी का प्रयास जारी है।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर झारखंड सरकार सख्त, शिक्षा सचिव ने आयुक्तों को लिखा पत्र

**रांची, 28 मार्च [एजेंसी]।**



विधानसभा में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने ढंग से अभिभावकों से शुल्क वसूलने की मामला उठने के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग संबंधित कानून को लागू कराने को लेकर एक्शन में आया है। शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने गुरुवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और उपायुक्तों को पत्र भेजकर झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 के प्रविधानों के तहत विद्यालय स्तर पर शुल्क समिति तथा सभी जिलों में उपायुक्तों की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बजट सत्र में विधायकों द्वारा उठाए गए मामलों से भी आयुक्तों और उपायुक्तों को अवगत कराते हुए 15 दिनों के भीतर सभी स्तरों पर समितयों का गठन कर जानकारी देने को कहा है। शिक्षा सचिव ने अपने पत्र में कहा है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 की धारा 7(अ) (1) के तहत निजी विद्यालयों द्वारा लगाए गए शुल्क विनियमित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय स्तर पर शुल्क समिति गठित करने का प्रविधान है।

इसी तरह, धारा 7 (अ) (2) के तहत निर्धारित शुल्क के विरुद्ध आने वाले मामले में निर्णय लेने के लिए संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित करने का प्रविधान है। वहीं, धारा 7 (अ) (5) के तहत अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों के किसी भी प्रविधानों के उल्लंघन में उत्तरदायित्वों के निर्धारण एवं कार्यान्वयन के लिए संबंधित प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त को अधिकृत किया गया है। उन्होंने इन सभी समितियों का गठन अनिवार्य रूप से करने को कहा है। विधानसभा में विधायक रागिनी सिंह तथा प्रदीप प्रसाद ने निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग शुल्क वसूलने को लेकर मामला अलग-अलग दिन उठाया था। इसपर स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने भी सरकार को कानून बनाने के निर्देश दिए हैं।

हालांकि इसे लेकर कानून पहले से लागू है, लेकिन उसका क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था। सचिव ने आयुक्तों और उपायुक्तों को यह भी जानकारी दी है कि शुल्क निर्धारण के लिए अधिनियम के तहत निर्धारित प्रविधानों की चुनौती सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में दी गई थी।इसे लेकर डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य सहित समरूप अन्य 36 वादों में उच्च न्यायालय ने 14 मार्च 2024 को पारित आदेश में प्रविधानों को वापस लेने के अनुरोध को खारिज कर दिया है।शिक्षा सचिव ने संबंधित अधिनियम तथा झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति भी सभी आयुक्तों और उपायुक्तों को भेजी है।विद्यालय स्तर पर गठित होने वाली शुल्क समिति में विद्यालय प्रबंधन द्वारा नामित व्यक्त अध्यक्ष तथा प्राचार्य सचिव होंगे।

## मिस्त्र के तट पर बड़ा हादसा, पर्यटक सबमरीन डूबी, छह की मौत और नौ घायल

**काहिरा, 28 मार्च [एजेंसी]।**

मिस्त्र तट पर 45 यात्रियों को ले जा रही एक पर्यटक सबमरीन के डूबने से गुरुवार को छह लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। आपातकालीन दल ने हर्गहाडा के पास 29 लोगों को बचा लिया। हर्गहाडा में रूसी वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने बताया कि चालक दल के सदस्यों के अलावा, जहाज पर 45 यात्री थे, जिनमें सभी रूसी थे। उनमें से कुछ नाबालिग भी थे। यह स्पष्ट नहीं है कि जहाज पर चालक दल के कितने सदस्य थे। सबमरीन हर्गहाडा के सिंदबाद होटल से जुड़ी थी। यह पर्यटकों को मूंगा चट्टान दिखाने के लिए नियमित तौर पर निकली थी। गुरुवार सुबह स्थानीय समय 10 बजे रवाना हुई और तट से करीब एक किलोमीटर दूर डूब गई। बचाए गए लोगों को अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत स्थिर है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सबमरीन किस कारण डूबी। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, हर्गहाडा स्थित सिंदबाद नामक कंपनी द्वारा संचालित इस सबमरीन में 44 यात्री और दो पायलट सीटें मौजूद हैं। मिस्त्र के अधिकारियों ने बताया कि नवंबर में एक पर्यटक नौका लाल सागर में डूब गई थी। इस दुर्घटना में चार लोग डूब गए थे, जबकि 33 को बचा लिया गया।पर्यटन मिस्त्र की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण सेक्टर है, लेकिन कई कंपनियों ने क्षेत्र में संघर्षों के खतरे को देखते हुए लाल सागर में यात्रा बंद या सीमित कर दी है।



## जापान-भारत व्यापार सहयोग समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मिले पीएम मोदी, आर्थिक मुद्दों पर हुई बातचीत



**नई दिल्ली।** जापान-भारत व्यापार सहयोग समिति (जेआइबीसीसी) के 17 सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडल ने अपने अध्यक्ष तात्सुओ यासुनागा के नेतृत्व में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मौके पर मोदी ने कहा कि वह भारत के विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदार जापान के साथ आर्थिक सहयोग को गहरा बनाने को लेकर आशान्वित हैं। जापानी प्रतिनिधिमंडल में विनिर्माण, बैंकिंग, एयरलाइंस, फार्मा क्षेत्र, इंजीनियरिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों के कारपोरेट घरानों के प्रतिनिधि शामिल थे। जापानी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद मोदी ने कहा कि वह भारत में इनके विस्तार की योजना और मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ल्ड के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता से उत्साहित हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि तत्सुओ यासुनागा के नेतृत्व में जापानी व्यापार प्रतिनिधिमंडल से मिलकर प्रसन्नता हुई। जापान और भारत के संबंध गहरे हैं और वह भारत में विदेशी पूंजी निवेश का एक प्रमुख स्त्रोत है।जापान ने भारत में 43 अरब डॉलर से अधिक का निवेश कियासरकारी आंकड़ों के अनुसार, जापान की ओर से 2000 से लेकर 2024 के बीच भारत में 43 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। वह भारत के लिए पूंजी निवेश का पांचवां सबसे बड़ा स्त्रोत है।

## जल्द मरने वाले हैं पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने एक इंटरव्यू के दौरान की बड़ी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली 28 मार्च।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बड़ा दावा किया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की तबीयत बिगड़ रही है और वह जल्द मर जाएंगे। जेलेंस्की की यह भविष्यवाणी बुधवार को एक इंटरव्यू के दौरान सामने आई।कीव इंडिपेंडेंट वेबसाइट के अनुसार, जेलेंस्की ने यूरोविजन न्यूज को दिए साक्षात्कार के दौरान कहा कि वह (पुतिन) जल्द ही मर जाएंगे। यह हकीकत है। और इसके साथ ही सबकुछ खत्म हो जाएगा। पुतिन अपनी आखिरी सांस तक सत्ता में बने रहना चाहते हैं। उनकी महात्वाकांक्षाएं केवल यूक्रेन पर कब्जा करने तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि वह पश्चिम के साथ सीधा टकराव भी चाहते हैं।

## आप सरकार में अधिकारियों के खिलाफ लंबित मामलों पर लगी रोक, आगे कार्रवाई न करने का प्रस्ताव पास

**नईदिल्ली, 28 मार्च [एजेंसी]।**

आप सरकार में वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से जुड़े मामलों में अब कोई कार्रवाई नहीं होगी। दिल्ली विधानसभा ने अधिकारियों से जुड़े सभी मामलों पर आगे कार्रवाई न करने का प्रस्ताव पास कर दिया है। इस प्रस्ताव में दिल्ली के मुख्य सचिव एमएम कुट्टी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के मामले शामिल हैं। अधिकारियों से जुड़े मामलों में छठी और सातवीं विधानसभा की तीन समितियों (विशेषाधिकार समिति, याचिका समिति और प्रश्न एवं संदर्भ समिति) को जांच करनी थी। सातवीं विधानसभा के भंग होने पर जांच आठवीं विधानसभा को सौंपी गई थी। आठवीं विधानसभा में दिल्ली विधानसभा में मुख्य सचेतक अभय वर्मा के प्रस्ताव को पास कर लंबित मामलों पर आगे जांच करने पर रोक लगा दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि नियम-183 के अंतर्गत प्रावधान का उपयोग बहुत कम और केवल महत्वपूर्ण मामलों में किया जाता है, जहां समिति सदन के भंग होने से पहले काम पूरा नहीं कर सकती। जबकि अधिकांश लंबित मामलों की या तो समितियों द्वारा जांच ही नहीं की गई या उन्हें कई वर्षों तक कोई रिपोर्ट प्रस्तुत किए बिना लंबित रखा गया। जबकि दिल्ली सरकार के अधिकारियों से जुड़े कुछ मामलों के कारण दिल्ली उच्च न्यायालय में केस भी दायर हुए थे।




विधानसभाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि छठी विधानसभा के 59 मामले और सातवीं विधानसभा के 69 मामले विशेषाधिकार समिति द्वारा लंबित रखे गए थे। नियम-223 के अनुसार विशेषाधिकार समिति को आम तौर पर एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट दे देनी चाहिए।

अधिकतर शिकायतें तात्कालीन सत्तारूढ़ दल के सदस्यों द्वारा दिल्ली सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गई थीं। आदर्श रूप से, यदि शिकायत वास्तविक होती तो समितियों को इन मामलों की जांच करनी चाहिए थी और सदन को रिपोर्ट करनी चाहिए थी। इसी तरह, याचिका समिति के पास छठी विधानसभा के 107 मामले और सातवीं विधानसभा के 72 मामले लंबित थे। प्रश्न एवं संदर्भ समिति में भी सातवीं विधानसभा के 04 मामले लंबित हैं। इन समितियों में भी दिल्ली सरकार के अधिकारियों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया। इन समितियों के समक्ष कुछ मामले वर्ष 2016 से ये लंबित है और उनकी जांच के लिए कोई मीटिंग नहीं हुई। कुछ अधिकारियों ने न्यायालयों से संरक्षण मांगा और इनमें से 08 केस अब दिल्ली उच्च न्यायालय में हैं।

## 44 की उम्र में नहीं थम रही श्वेता तिवारी की हॉटनेस, हर अदाओं से फैंस के दिलों पर चला रहीं खंजर



टीवी और बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपना दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया पर धमाल मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने येलो कलर का कोर्ड-सेट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, नो मेकअप लुक और चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये खूबसूरत अंदाज देखकर फैंस तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# हैंगिंग लेग रेज: जानिए एक्सरसाइज करने का तरीका और इसके फायदे

कोर स्ट्रेंथ हमारे शरीर की मजबूती और संतुलन के लिए बहुत अहम है। इसे मजबूत बनाने के लिए कई एक्सरसाइज हैं, जिनमें से एक है हैंगिंग लेग रेज।

ये एक्सरसाइज मांसपेशियों को मजबूती देने में काफी मदद कर सकती है। यह एक्सरसाइज पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए फायदेमंद है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप इस सरल लेकिन प्रभावी एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

एक्सरसाइज करने का तरीका

हैंगिंग लेग रेज करते समय सही तकनीक का पालन करना जरूरी है।

सबसे पहले एक मजबूत बार पर लटक जाएं और अपने हाथों को कंधे की चौड़ाई पर रखें। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को ऊपर उठाएं ताकि वे आपके शरीर के साथ 90 डिग्री का कोण बना लें।

ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट की मांसपेशियों पर जोर पड़े। इस स्थिति में कुछ सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे पैरों को नीचे लाएं।

सांस लेने का तरीका समझें

सही तरीके से सांस लेना इस व्यायाम का अहम हिस्सा है, जो आपकी मांसपेशियों को ताकत देने में मदद करता है।

जब आप अपने पैरों को ऊपर उठा रहे हों तब गहरी सांस लें और जब उन्हें नीचे ला रहे हों तब धीरे-धीरे सांस छोड़ें।

यह प्रक्रिया आपकी मांसपेशियों में ऑक्सीजन की पूर्ति करती रहती है, जिससे थकान कम होती है और आप ज्यादा देर तक व्यायाम कर पाते हैं।

नियमितता बनाए रखें

कोई भी एक्सरसाइज तभी असरदार होता है जब उसे नियमित रूप से किया जाए।

शुरुआत में हफ्ते में तीन बार इस एक्सरसाइज को करें और धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर पांच बार तक ले जाएं। हर सत्र में 10-15 बार करने की कोशिश करें और जैसे-जैसे आपकी क्षमता बढ़ेगी, वैसे-वैसे बार की संख्या भी बढ़ा सकते हैं।



इसके अलावा अपनी प्रगति को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर अपने एक्सरसाइज करने के तरीके को बदलते रहें।

एक्सरसाइज करने से मिलने वाले लाभ

हैंगिंग लेग रेज आपके पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने के साथ-साथ पूरे शरीर को फायदा पहुंचाता है।

इस एक्सरसाइज से आपके कंधों, पीठ और हाथों की ताकत भी बढ़ती है क्योंकि आपको खुद को बार पर लटकाए रखना होता है।

यह आपकी मुद्रा सुधारने में मदद करता है, जिससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

इसके अलावा यह एक्सरसाइज आपके शरीर की सहनशक्ति और संतुलन को बेहतर बनाता है, जिससे आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं।

एक्सरसाइज करते समय बरतें ये सावधानियां

इस एक्सरसाइज के दौरान कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होता है ताकि चोट लगने का खतरा न हो।

अगर आपको पीठ या कंधे में कोई समस्या हो तो पहले डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा शुरुआत धीमी गति से करें ताकि आपका शरीर इसकी आदत डाल सके। इस तरह आप आसानी से अपनी दिनचर्या में हैंगिंग लेग रेज शामिल करके अपनी कोर स्ट्रेंथ बढ़ा सकते हैं, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होगा।



## एडवांस बुकिंग में छाई सिकंदर, पहले दिन 6 करोड़ रु का आंकड़ा पार

सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर की रिलीज में अब बस चार दिन ही बचे हैं. सिकंदर इस ईद के मौके पर 30 मार्च को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है. वहीं, बीती 25 मार्च को फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और सिकंद ने एडवांस बुकिंग में मौका मारने का कोई चांस नहीं छोड़ा है. सिकंदर ने अपनी एडवांस बुकिंग में पहले दिन कितने रुपये की कमाई की है और फिल्म के पहले दिन के लिए कितना कलेक्शन हुआ है आइए जानते हैं. सलमान खान की सिकंदर को एडवांस बुकिंग के पहले दिन दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर ने एडवांस बुकिंग के पहले दिन भारत में 67,293 टिकट सेल कर दिए हैं. वहीं, फिल्म सिकंदर ने पहले दिन की एडवांस बुकिंग से 1.92 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और ब्लैक सीट को मिलाकर फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. सिकंदर ने एडवांस बुकिंग में 2डी हिंदी और आईमैक्स 2डी से 45,778 रुपये जुटाए हैं. फिल्म सिकंदर देशभर की 9110 स्क्रीन पर कब्जा कर लिया है. वहीं, रीजनली सिकंदर ने महाराष्ट्र से 1.24 करोड़ रुपये, दिल्ली से 1.11 करोड़ रुपये, राजस्थान 51.08 लाख रुपये, जबकिक गुजरात और कर्नाटक से क्रमश 49.94 लाख रुपये और 28.82 लाख रुपये कमा लिए हैं.

# चाय को स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं? इन सामग्रियों के मिश्रण को उसमें डालें

चाय का नाम सुनते ही मन में ताजगी और सुकून का अहसास होता है, खासकर जब बात मसाला चाय की हो तो इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है।

मसाला चाय न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें कई स्वास्थ्यवर्धक गुण भी होते हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ खास मसाला चाय मिश्रण के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप अपने रोजमर्रा के चाय समय को और भी खास बना सकते हैं।

अदरक-इलाइची वाली मसाला चाय बनाएं

अदरक और इलाइची का मेल आपकी चाय को एक अलग ही स्वाद देता है।

अदरक जहां पाचन क्रिया को सुधारता है, वहीं इलाइची आपके मूड को बेहतर बनाती है।

इस ब्लेंड में आप थोड़ी-सी काली मिर्च भी डाल सकते हैं, जो इसे और भी मजेदार बना देती है।


इसे बनाने के लिए पानी में अदरक और इलाइची डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग डालें। दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबालें और गर्मागर्म परोसें।

दालचीनी-काली मिर्च की खुशबूदार चाय

दालचीनी की मीठी खुशबू और काली मिर्च की तीखी तासीर आपकी सुबह को तरोताजा कर सकती है।

यह मिश्रण न केवल आपके शरीर को गर्म रखता है बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है।

इसके लिए पानी में दालचीनी की डंडी और कुछ काली मिर्च डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग वाली चाय मिलाएं। दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबाल लें, फिर इसे छानकर पिएं।



तुलसी-पुदीने की ताजगी भरी मसाला चाय

तुलसी और पुदीने का संयोजन आपकी दिनचर्या में नई ऊर्जा भर सकता है।

तुलसी जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है, वहीं पुदीना आपको ठंडा महसूस करवाता है।

इस मिश्रण के लिए पानी में तुलसी की पत्तियां और कुछ पुदीने की पत्तियां डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग मिलाएं। दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबाल लें, फिर इसे छानकर पिएं।

लौंग-सौंफ का अनोखा मिश्रण करें ट्राई

लौंग-सौंफ का मिश्रण आपकी थकी हुई शामों को राहत दे सकता है।

लौंग जहां एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं, वहीं सौंफ आपके पेट के लिए फायदेमंद होती हैं।

इसके लिए पानी में लौंग और सौंफ डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग मिलाएं। अब दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबालें, फिर इसे छानकर पिएं।

इन सभी मसाला चाय के मिश्रण को आजमाकर आप अपने रोजमर्रा के जीवन में नई ऊर्जा ला सकते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट की कमाई में गिरावट



जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को होली के दिन यानी 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है। यह पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। अब फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है। आइए बताते हैं द डिप्लोमैट ने 12वें दिन कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द डिप्लोमैट ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 85 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 27.40 करोड़ रुपये हो गया है। द डिप्लोमैट का निर्देशन शिवम नायर ने किया है। जॉन ने फिल्म का नाम भूषण कुमार के साथ किया है। इस फिल्म में सादिया खतीब, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है। यह एक भारतीय डिप्लोमैट की कहानी है, जो पाकिस्तान से एक भारतीय लड़की को वापस लाने की कोशिश करता है। इस लड़की को शादी के लिए मजबूर किया जाता है और फिर वो धोखे का शिकार हो जाती है।



## शानदार है बदनाम का गाना इंजेक्शन, सुनकर नाचने पर हो जाएंगे मजबूर: निक्की तंबोली

बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी और अभिनेत्री निक्की तंबोली हालिया रिलीज फिल्म 'बदनाम' के इंजेक्शन लगा दो गाने के साथ पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने गाने की खूब तारीफ की और बताया कि यह एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर लोग नाचने पर मजबूर हो जाएंगे।

प्रोजेक्ट को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए निक्की ने कहा, मैं पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू करने और 'बदनाम' का हिस्सा बनने को लेकर बेहद रोमांचित हूं!

उन्होंने कहा, 'इंजेक्शन लगा दो मुझे' एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर आप नाचने को मजबूर हो जाएंगे और मैं ऐसी शानदार टीम के साथ काम करने के अवसर के लिए बेहद आभारी हूं।

'इंजेक्शन लगा दो मुझे' गाने को सुनिधि चौहान ने गाया है। रोमांटिक ड्रामा बदनाम फरवरी में रिलीज हुई थी, जिसमें अभिनेता जय रंधावा, जैस्मिन भसीन और मुकेश ऋषि मुख्य भूमिकाओं में हैं। निक्की तंबोली के करियर की बात करें तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर शुरुआत की थी। साल 2019 में रिलीज हुई तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'चिकाती गडिलो चिताकोटुडु' से अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखा था।

इसके बाद वह तमिल एक्शन-हॉरर फिल्म 'कंचना 3' में नजर आईं, जिसमें उनके किरदार का नाम दिव्या है। उनकी तीसरी फिल्म तेलुगू में 'थिप्पारा मीसम' थी।

निक्की ने 2020 में सलमान खान के हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भी भाग लिया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बाद वह साल 2021 में रोहित शेट्टी के स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी के 11वें सीजन में दिखाई दीं, जिसे दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में फिल्माया गया था।

## रेड 2-रितेश देशमुख की, 1 मई को रिलीज होगी फिल्म

काफी समय से अजय देवगन अपनी आगामी फिल्म रेड 2 को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी वाणी कपूर के साथ बनी है, जिसमें पहली बार देखा जाएगा। रितेश देशमुख भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अजय के बाद अब रेड 2 से रितेश की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें वह एक नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। अजय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई। यह फिल्म 1 मई. 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

रेड 2 साल 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी।

इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 153 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

## शब्द सामर्थ्य -365

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# सीबीआई की द्वेषपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

## पुतला दहन के दौरान पुलिस से हुई झूमाझाती



**बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर कुमार साहब चौक में। 27 मार्च अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के निवास व कार्यालयों में सीबीआई द्वारा 26 मार्च 2025 को की गई छापेमारी के खिलाफ बैकुंठपुर जिला मुख्यालय में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को राजनीतिक दबाव में की गई द्वेषपूर्ण कार्यवाही करार देते हुए केंद्र सरकार पर विपक्ष को दबाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह छापेमारी केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा सरकार और सीबीआई के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश बैकुंठपुर में हुए इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और सीबीआई के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली हुई है और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से विपक्षी नेताओं को टारगेट कर रही है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और सीबीआई का पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि राजनीतिक प्रतिशोध की यह कार्रवाई बंद नहीं हुई,तो कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस अवसर पर मौजूद- जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल,वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद,महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह,जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह,शैलेन्द सिंह,भूपेंद्र यादव,आशीष यादव,विकास श्रीवास्तव,साहब सिंह काकू,धीरज सिंह,हीरालाल साहू,सौरभ गुप्ता, मनीष सिंह,संतोष गोयन,रामसाय सोरी,अविनाश पाठक, विजय चक्रधारी, अरशद, प्रकाश चंद साहू,रामचंद्र सिंह, लालदास महंत गणेश राजवाड़े एवं अन्य कांग्रेसजन भारी संख्या में मौजूद रहे।

## एम्स में 22 वर्षीय युवती का हुआ सफल किडनी ट्रांसप्लांट

**रायपुर।** एम्स रायपुर अंगदान और अंग प्रत्यारोपण का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है, जिससे गरीब एवं वंचित मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट जैसी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। यहां 20 बेड की किडनी ट्रांसप्लांट वार्ड विकसित किया जा रहा है और हाई ट्रांसप्लांट के लिए मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 18 मार्च को एम्स रायपुर ने 50वां किडनी ट्रांसप्लांट को सफ्लतापूर्वक पूरा किया। अनूपपुर की 22 वर्षीय छात्रा को उसकी माता द्वारा दान की गई किडनी प्रत्यारोपित की गई, वह जनवरी 2024 से किडनी रोग से पीड़ित थी और मार्च 2024 से डायलिसिस पर थी। एम्स रायपुर के रिनल ट्रांसप्लांट टीम ने यह सर्जरी सफ्लतापूर्वक की, और वर्तमान में डोनर एवं प्राप्तकर्ता दोनों स्वस्थ रूप से उबर रहे हैं। किडनी ट्रांसप्लांट टीम में ट्रांसप्लांट सर्जन: डॉ. अमित शर्मा, डॉ.दीपक कुमार बिस्वाल, डॉ.सत्यदेव शर्मा, एनेस्थेटिस्ट: डॉ.सुभ्रत कुमार सिंघा, डॉ.मयंक कुमार, डॉ.जितेंद्र, ट्रांसप्लांट फिज़ीशियन डॉ. विनय राठौर, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर विशाल, अंबे वीनेता, ट्रांसप्लांट नर्सिंग ऑफिसर रामनिवास, बी. किरण, सोनू आदि शामिल थे।

### 'आवा पानी झोंकी' अभियान से मिलेगा जल संरक्षण को बढ़ावा

# नारी और पानी का अद्भुत संयोग-जल संरक्षण की दिशा में कोरिया प्रशासन का नवाचार



**कोरिया बैकुंठपुर।** जल संरक्षण को लेकर देशभर में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। गिरते भूजल स्तर की चुनौती से निपटने के लिए आम जनता से लेकर शासन-प्रशासन तक अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसी दिशा में कोरिया जिला प्रशासन ने एक नवाचार करते हुए 'आवा पानी झोंकी' अभियान शुरू किया है, जिसका अर्थ है आओ सब मिलकर पानी को रोके। इस अभियान के तहत जल संरक्षण में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दी गई है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में ठंड के मौसम में जिला प्रशासन ने सोनहत विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं के सहयोग से नाले में बोरी बांधने का कार्य किया था। यह जल संरक्षण की दिशा में एक सफल प्रयोग साबित हुआ। इसी क्रम में अब 28 मार्च को बैकुंठपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पोटेडांड और डोहडा में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनभागीदारी से जल संरक्षण योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। भारत सरकार द्वारा 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के तहत यह पहल की जा रही है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को जल संरक्षण की मुख्यधारा में लाना है। भारतीय समाज में नारी और पानी का गहरा संबंध है, क्योंकि घरेलू उपयोग से लेकर कृषि कार्यों तक महिलाएं ही सबसे अधिक जल संसाधनों का उपयोग करती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने महिलाओं को जल संरक्षण का नेतृत्व देने जैसे निर्णय ले रहे हैं। इस अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया जाएगा, जिसमें ग्राम स्तर पर जन चौपाल का आयोजन, स्वयंसेवकों और युवाओं का चयन, जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करना, जल बहिनी दल के माध्यम से वाटर लेवल सर्वे, ट्रांजिट वॉक कर जल स्रोतों की मैपिंग जैसे कार्य। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने हाल ही में इस विषय पर एक कार्यशाला एवं मैदानी भ्रमण का आयोजन भी किया था। अब आगामी ग्राम वार बैठक में जल संरक्षण के लिए ठोस रणनीति पर अमल किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि, हमारा उद्देश्य है कि गिरते भूजल स्तर को हर हाल में रोका जाए। पानी बचाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है और इसके लिए महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होगी। प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि जल संरक्षण कार्यों को ठोस रूप से क्रियान्वित किया जाए। 'आवा पानी झोंकी' अभियान केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन का रूप लेने जा रहा है, जिसमें महिलाओं को जल संरक्षण का नेतृत्व सौंपा जाएगा। यह अभियान केवल पानी बचाने का नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को भी बढ़ावा देने का एक प्रयास है। जिला प्रशासन की इस नवाचार से निश्चित रूप से जल संरक्षण को एक नई दिशा मिलेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद राजेश सोनी की भाजपा में घर वापसी



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बैकुण्ठपुर में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद राजेश सोनी ने पुनः भाजपा में घर वापसी किया है। श्री सोनी विगत निकाय चुनाव में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नगर पंचायत चुनाव में वार्ड क्र.06 से कांग्रेस के टिकट पर पार्षद पद हेतु चुनाव लड़े। नगर पंचायत पटना के वार्ड क्र.06 से नवनिर्वाचित पार्षद राजेश सोनी ने कहा कि, पार्षद राजेश सोनी ने कहा कि, मै भाजपा मेरा परिवार है मै राजनीतिक की शुरूवात भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता के रूप में किया था, किसी कारणवश मै कांग्रेस ज्वॉइन किया था, आज मै पुनः भाजपा में वापस आ गया हूँ।

श्री सोनी ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी एक विचार धारा वाली संगठन है, भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में सामान्य कार्यकर्ता भावना होता है, और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा में अनेक संभावनाएं है, भाजपा में ही क्षेत्र का विकास संभव है और मै भाजपा के रीतिनीति से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया हूँ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला मंत्री रामकृष्ण शर्मा, नवरतन पाण्डेय, बसंत राय,जिला कार्यालय प्रभारी भानूपाल, जिला संवाद प्रमुख विमल गुप्त के उपस्थिति रहें।

# राज्यपाल रमेन डेका के हाथों शिवराम को मिली 'आशियाने' की चाबी



**कोरिया बैकुंठपुर।** खुशियों के लिए ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होती, बस अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और मेहनत से निभाना होता है। मेहनतकश लोगों के लिए अवसर अपने आप आते रहते हैं। ऐसा ही कुछ ग्राम जूनापारा निवासी शिवराम के साथ हुआ, जब उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उन्हें प्रदेश के राज्यपाल से मिलने और उनके हाथों अपने घर की चाबी लेने का अवसर मिलेगा।

शिवराम पेशे से एक राजमिस्त्री हैं और वर्षों से दूसरों के पक्के मकान बनाते आ रहे हैं। लेकिन जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ मिला, तो उन्होंने महज तीन महीनों में अपना खुद का मकान तैयार कर लिया। उनके इसी परिश्रम और उपलब्धि की सराहना करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने उनके नवनिर्मित आवास पर जाकर उन्हें अभिनंदन पत्र सौंपा और शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल रमेन डेका अपने एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत जूनापारा पहुँचे। यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति का जायजा लिया। इसी दौरान उन्होंने हितग्राही शिवराम के नवनिर्मित आवास का अवलोकन किया और उनके समर्पण की सराहना की। भावुक शिवराम ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे घर में राज्यपाल आएँगे और मुझे सम्मानित करेंगे। यह मेरे जीवन का सबसे यादगार पल है।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले सहयोग के लिए सरकार का आभार प्रकट किया। शिवराम को वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी के रूप में चुना गया। उन्हें इस योजना की पहली किस्त मिलते ही उन्होंने तेजी से काम शुरू किया और मात्र तीन महीनों में अपने सपनों का घर पूरा कर लिया। उनके इस मेहनत और लगन की सराहना जिला प्रशासन द्वारा भी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से अब तक हजारों गरीब परिवारों को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर मिला है। राज्यपाल रमेन डेका ने भी इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पात्र व्यक्ति तक इस योजना का लाभ जल्द से जल्द पहुँचाया जाए।

## पुलिस ने इतना पीटा कि अधेड़ हो गया अपाहिज

**रायपुर।** देवभोग पुलिस पर जांच के नाम पर आदिवासी अधेड़ के साथ बर्बरता करने का गंभीर आरोप लगा है. मामले को लेकर आदिवासी समाज लामबंद हो गया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है. जनवरी माह में एक नाबालिग की गुमशुदगी के मामले की जांच के दौरान देवभोग पुलिस ने चलनापदर पोडपारा निवासी लालधर पोर्टी को पूछताछ के लिए बुलाया था. आरोप है कि पुलिस ने इस दौरान उसे बेरहमी से पीटा गया. पुलिस की बर्बरता से पीड़ित के एक पैर की हड्डी टूट गई. जिससे अब तक वह लंगड़ा लंगड़ा कर चल रहा है. डर के कारण पीड़ित ने किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन जब मामला आदिवासी समाज के पदाधिकारियों तक पहुंचा, तो वे उग्र हो गए हैं.आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी पीड़ित को थाने लेकर पहुंचे जहां जम कर हंगामा किया।

## पुलिस ने साइबर फ्राड म्यूल अकाउन्ट मामले में 1 और आरोपी को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** सूरजपुर पुलिस ने साइबर ठग म्यूल अकाउन्ट के नेटवर्क में शामिल 1 और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जो साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट, एमटीएम कार्ड उपलब्ध कराता था। आरोपी साइबर ठगों को मोबाइल सिम उपलब्ध कराने और 02 बैंक अकाउंट की पहचान भी की गई थी जिसमें 2 लाख रूपये से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ था। इस मामले में अपराध क्रमांक 150/25 धारा 413, 420, 120बी भादस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था और पूर्व में आरोपी सौरभ साहू, अमन साहू, आनंद कुमार साहू, विशाल साहू, सूर्या सोनवानी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फ्राड के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण के अन्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे। थाना सूरजपुर पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ एवं पाए गए तथ्यों के आधार पर आरोपी सूरज दिवान पिता सम्मे लाल दिवान उम्र 31 वर्ष निवासी धमनी थाना हसौद जिला सक्ति छत्तीसगढ़ वर्तमान पता एम.डी. नगर कोरबा थाना रामपुर जिला कोरबा को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ पर इसने बताया कि अपने अन्य सहयोगियो से उनका बैंक खाता, एटीएम कार्ड, मोबाईल सीम लेकर अपने सहयोगी सौरभ को बैंक खाता, एटीएम कार्ड, मोबाईल सीम देना बताया जिसके बदले में सौरभ और सूरज दिवान को लगभग 4-5 लाख रूपये दिया है उक्त पैसे से मोबाईल एवम् स्वीफ्ट कार को खरीदा है तथा कुछ पैसो को अपने व्यक्तिगत कार्यो मे खर्च कर देना बताया है। यह सौरभ के साथ मिलकर लोगो से प्राप्त किये गये बैंक खाता, एटीएम कार्ड, मोबाईल सीम को सायबर फ्राड गिरोह के सदस्यो को विभिन्न राज्यों में सायबर फ्राड करने वाले अपराधियो को देते जिसका सायबर अपराधियों के द्वारा लोगो को धोखा देकर उनके खातो से पैसा अन्तरण कर पैसों का दुर्विनियोग किए। आरोपी सूरज के द्वारा धोखाधड़ी के रकम से खरीदा गया मोबाईल फोन एवं स्वीफ्ट कार का रजिस्ट्रेशन कार्ड को जप्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## यहां पैसे नहीं, लिया जाता है श्रमदान, गायें सुनती हैं भजन, कहां है ये मंदिर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित श्री राधा माधव गौ मंदिर ने नकद दान पर प्रतिबंध लगाकर एक अनूठी पहल की है। इस मंदिर में भक्तजन केवल अपना श्रम, सेवा और समय दान करके पुण्य कमा सकते हैं। रायपुर और देश-विदेश से श्रद्धालु इस मंदिर में अपनी सेवाएं देने पहुंच रहे हैं। यहां प्रतिदिन सुबह-शाम गाय की आरती की जाती है तथा संगीतमय तरीके से गायों के लिए भजन गाए जाते हैं। इसके अलावा पंडित गाय माता के बीच मंत्रोच्चार भी करते हैं। लेकिन इस गौ मंदिर को अन्य गौशालाओं से अलग बनाने वाली बात यह है कि यहां नकद दान स्वीकार नहीं किया जाता। श्री राधा माधव गौ मंदिर रायपुर शहर से 16 किलोमीटर दूर गुमा बाना गांव में स्थित है। मंदिर की देखभाल करने वाले आदेश सोनी बताते हैं कि यहां केवल श्रमदान, समयदान और सेवादान ही स्वीकार किया जाता है। किसी से भी नकद दान स्वीकार करना सख्त मना है। जो लोग गाय की सेवा करना चाहते हैं, उन्हें स्वयं यहां आकर सेवा करनी होगी। लोग यहाँ मंदिर में सेवा करने आते हैं। वे गायों को नहलाना, चारा तैयार करना, गौशाला की सफाई करना, बछड़ों की देखभाल करना और गाय का गोबर साफ करना।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक संपन्न



**बैकुण्ठपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर के मोहभट्ठा में आयोजित विशाल आमसभा को लेकर भाजपा जिला कार्यालय बैकुण्ठपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला मंत्री रामकृष्ण शर्मा, नवरतन पाण्डेय, बसंत राय,जिला कार्यालय प्रभारी भानूपाल, जिला संवाद प्रमुख विमल गुप्त के उपस्थिति में संपन्न हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, बिलासपुर के मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम में कोरिया जिले से अधिक से अधिक संख्या में जन प्रतिनिधि एवं पार्टी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ शामिल होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 30 मार्च को विशाल आम सभा के लिए मंडलवार समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि, केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में अपनी जिम्मेदारी भूमिका का निर्वहन करें। निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के दम पर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव ऐतिहासिक जीत हुआ, सभी कार्यकर्ताओं को ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने नगर पंचायत पटना के पार्षद राजेश सोनी को गमच्छा व माला पहनाकर भाजपा में प्रवेश दिलाया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, राजाराम राजवाड़े, किशोर सिरदार, राम लखन यादव, मनेजर राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, संजय चिकनजुरी, नपं. उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जनपद सदस्य गायत्री साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, धीरेन्द्र साहू, अनिल साहू, तीरथ राजवाड़े, कुबेर साहू, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुभाष साहू, रामप्रताप मरावी, रमन गुप्ता, सुदीप सोनी, रेखा वर्मा, ज्योति देवांगन,प्रमिला सिंह, निर्मला पोया, अमित सिंह, ललिता यादव, मनोज साहू, सुनील सिंह, सतेन्द्र राजवाड़े, रमेश तिवारी, रामाशंकर साहू, रवि त्रिपाठी, पारस राजवाड़े, गणेश यादव, राकेश गुप्ता,रोशन राजवाड़े,तनवीर अहमद उपस्थित रहें।

## गौवंश से भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा

**रायपुर।** जिले के अहिवारा क्षेत्र में 32 गौवंश से भरी एक ट्रक को पुलिस ने पकड़ा है जानकारी है कि उक्त ट्रक में गौवंश को ठूंस-ठूंस कर भरकर उन्हें मुंगेली से नागपुर के कत्लखाने ले जाया जा रहा था। इधर पुलिस सूत्रों कि माने तो मुखबिर से जानकारी मिलने के आधार पर नंदनी थाना पुलिस ने माटरा और खजरी गांव के बीच सड़क पर घेराबंदी कर गौवंश से भरे ट्रक को पकड़ा पर पुलिस को देख ड्राइवर और सह-चालक मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने गौवंश को थाने लाकर चारा-पानी दिया और पशु चिकित्सकों से उनका इलाज कराया जा रहा है साथ ही बताया गया कि नंदनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पीएम मोदी की 30 को सभा, एसपीजी ने संभाला सुरक्षा व्यवस्था

**रायपुर।** बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 30 मार्च को होने वाली सभा की सुरक्षा के लिए एसपीजी की टीम पहुंच गई है। अफसरों ने सभास्थल के साथ हेलीपेड व आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही कलेक्टर और एसपी से भी चर्चा कर जानकारी ली। कार्यक्रम में प्रदेश भर के लोग आएंगे। लिहाजा, तैयारियों को देखने के लिए सीएम विष्णुदेव साय गुरुवार को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। जिसमें वे संभाग के अफसरों की बैठक लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को बिल्हा ब्लॉक के मोहभट्ठा में एक घंटे के कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों का लोकार्पण करने के साथ ही आधारशिला भी रखेंगे। इस दौरान आमसभा भी होगी, जिसमें प्रदेश भर से दो लाख लोगों की भीड़ जुटाने का टारगेट रखा गया है।

# राज्यपाल रमन डेका से मिला भाजपा प्रतिनिधि मंडल, कोरिया को संभाग व अहम विकास कार्यों सहित पर्यटन विकास के लिए सौंपा ज्ञापन

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका का कोरिया जिले में आयोजित एक दिवसीय प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका ने जहां एक तरफ प्रशासनिक कार्यों का जायजा लिया तो वहीं दूसरी ओर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया और प्रकृति के प्रति सभी को अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया । राज्यपाल के दौरे अंतर्गत 26 मार्च को बैकुंठपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कोरिया जिले के भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने श्री मान राज्यपाल महोदय से मुलाकात किया । मुलाकात के दौरान बतौर भाजपा प्रतिनिधि मंडल से निवर्तमान जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, बैकुंठपुर नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे ने ज्ञापन सौंपा ।



भाजपा प्रतिनिधि मंडल के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कोरिया को संभाग बनाने की मांग से लेकर कोरिया के प्राकृतिक उत्थान व पर्यटन विकास और बांधवगढ़ की तर्ज पर तैमोर पिंगला अभ्यारण से शामिल हुए रामगढ़ सोनहत क्षेत्र को विकसित किए जाने की मांग की गई । ज्ञापन में बालमगढ़ पहाड़ और यहां के प्राकृतिक संसाधनों के उद्वेश्य पूर्ति हेतु पर्यटन क्षेत्र में विकास की मांग सहित बैकुंठपुर स्थित रामानुज प्रताप सागर बांध को पर्यटन हेतु अतिरिक्त विस्तार के साथ बैकुंठपुर शहर के मार्ग चौड़ीकरण कार्य को मुख्य मांगों में रखा गया।

अवगत करा दें की कोरिया भाजपा के वरिष्ठ और कद्दावर नेता कृष्ण बिहारी जायसवाल के द्वारा कोरिया जिले के अहम विकास कार्यों व शिक्षा सहित स्वास्थ को लेकर केंद्रीय मंत्रियों को भी कई बार ज्ञापन दिए गए हैं जिनमें से कई मांगे पूरी भी हो चुकी हैं।

# ढाई लाख क्षतिपूर्ति पर बनी बात, आधी रात को मुख्य मार्ग हो सका बहाल

## ग्रामीण की मौत से आक्रोशित लोगों ने रोके वाहनों के पहिए

**कोरबा।** कोरबा-चांपा नेशनल हाईवे 49बी पर ओवर स्पीडिंग के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। छोटी गाड़ियों पर चलने वाले अथवा रिहायशी क्षेत्रों के लोगों को सड़क पार करने के दौरान बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। सरगबुंदिया में पिछली रात हुए हादसे में एक ग्रामीण की मौत ने लोगों को नाराज कर दिया। इसके चलते कई घंटे वाहनों के पहिए थमे रहे। लोगों की जिद्द और तेवर के आगे अधिकारी लाचार बने रहे। मध्य रात्रि ढाई लाख रुपए का मुआवजा शुरुआती तौर पर देने से बात बनी और चक्काजाम खत्म हुआ।

उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरगबुंदिया में बनगहिया यादव नामक ग्रामीण की मौत मालवाहक की टक्कर से हो गई। वह शाम ढलने के कुछ देर बाद मुख्य से आवाजाही कर रहा था तभी भारी वाहन ने उसे चपेट में लिया। एनएच पर हुए हादसे की खबर से आसपास के लोग सक्रिय हुए। आनन-फानन में उनकी उपस्थिति मौके पर दर्ज हुई और चक्काजाम शुरू हो गया। इसके चलते कोरबा और चांपा की दिशा में वाहनों का




आना-जाना बाधित हुआ। घटना की खबर होने पर उरगा पुलिस की टीम यहां पहुंची। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईश दी गई थी लेकिन वे इस पर मानने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने कई मांगें रखी। इसकी पूर्ति के बिना वे हटने को तैयार नहीं थे। खबरों के अनुसार प्रशासन के अधिकारियों को बाद में यहां आना पड़ा। बताया गया कि प्रावधानों के अंतर्गत शुरुआती राहत राशि मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ढाई लाख की क्षतिपूर्ति भी देने की बात हुई जिस पर लोग मान गए। रात 12 बजे उन्होंने यहां चक्काजाम समाप्त किया। उन्हें आश्वस्त कराया कि दूसरे प्रावधानाओं और सामाजिक सुरक्षा के तहत भी राहत की व्यवस्था कराई जाएगी। उरगा पुलिस ने इस मामले में बनगहिया यादव की मौत के लिए दोषी वाहन के चालक पर बीएनएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है और आगे की कार्यवाही कर रही है।

### दुर्घटना के ग्राफ में कमी आने के बजाय बढ़ोत्तरी

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर कई स्तर पर काम किया जा रहा है और कई प्रकार के दावे भी किए जा रहे हैं लेकिन इन सबके बावजूद पूरे मामले में कमी तो नहीं आ रही है बल्कि बढ़ोत्तरी जरूर हो रही है। बताया जा रहा है कि रफ्तार पर अंकुश नहीं होने, कम समय में अधिक ट्रिप लगाने, ज्यादा लाभ अर्जित करने एवं प्रतियोगिता के दौर में आगे निकलने का चक्कर दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। पिछले वर्ष शराब के नशे में गाड़ी चलाने के 100 से अधिक मामले प्रकाश में आए। इसी पर संबंधितों का चालान कोर्ट में किया गया और भारी भरकम पेनाल्टी की गई। मोटर व्हीकल एक्ट और 185 के प्रकरणों को बनाने के साथ पुलिस जागरूकता की दिशा में भी काम कर रही है। इतना सबकुछ होने पर भी परिणाम सिफर हैं।

## मौसम बदला विषधरों के कारण बढ़ी चुनौती



**कोरबा।** तापमान का पारा 40 डिग्री तक पहुंचने के साथ कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही है। राहत के लिए विषधर नमी वाली जगह का रूख कर रहे हैं। ऐसे में सर्पदंश की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होना स्वाभाविक है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से कहा है कि रिहायशी और अन्य क्षेत्रों में गंदगी न होने दें ताकि विषधरों को वहां आश्रय लेने में सहूलियत हो।

प्रदेश के दूसरे बड़े नागलोक में कोरबा का नाम शामिल हो गया है जबकि जशपुर पहले से ही टॉप पर है। हाल में ही हुई एक वर्कशॉप में इस प्रकार के तथ्यों पर रोशनी डाली गई कि कोरबा में जलवायु की अनुकुलता विषधरों को पसंद आ रही है और इस चक्कर में इंसानों पर खतरे हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम और मानव जाति की सुरक्षा को लेकर कई प्रकार के टिप्स दिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि मौसम में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज हास्पिटल के अलावा सीएचसी और पीएचसी में एंटी स्नैक वेनम की व्यवस्था कराई गई है।

## टूल किट बांधकर चोरी के प्रयास में युवक झुलसा



### इस हरकत से लाइन ट्रिप

**कोरबा।** दीपका खदान के ओल्ड सब-स्टेशन में केबल चोरी करने पहुंचे एक चोर को करंट का जोरदार झटका लगा, जिससे वह पोल से नीचे गिर गया। 33 केवी पावर सप्लाई लाइन से केबल चोरी करने के दौरान चोर बिजली की चपेट में आ गया, जिससे सब-स्टेशन की बिजली ट्रिप हो गई और कॉलोनी समेत अन्य इलाकों की पावर सप्लाई बाधित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सब-स्टेशन के कर्मचारी और सीआईएसएफ जवान मौके पर पहुंचे और झुलसे हुए चोर को तत्काल विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में चोर ने अपना नाम मुन्ना बताया, जो आसपास के इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। उसके कमर में पाना, पेंचकस और अन्य औजार बंधे हुए थे। आगे मामले की जांच के बाद चोरी करने वाले गिरोह में कौन कौन शामिल है पता चल सकेगा।

## नहर में लापता युवक की तलाश जारी

**कोरबा।** परसाभाठा बालकोनगर के यादव मोहल्ला निवासी अविनाश क्षत्री की तलाश जारी है। वही आयुष, आदि और दो अन्य मित्र के साथ नहाने के लिए कोरबा के कोहड़िया क्षेत्र की नहर आया हुआ था। इसी दौरान गहराई में जाकर लापता हो गया। पहले दिवस की खोज में नतीजे नहीं आए। आज दूसरे दिन भी ऑपरेशन जारी है।

## 101 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**कोरबा।** सरकार की कन्यादान योजना के अंतर्गत आज कटघोरा के अग्रसेन भवन परिसर में 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। सामाजिक रीति रिवाज के अंतर्गत धर्म गुरुओं की सेवाएं इस कार्य में ली गई। आईसीडीएस कार्यक्रम का आयोजक है। लाभान्वित हितग्राहियों को सामान के बजाय वधु के नाम से चेक दिया गया।

## 10 लाख ध्वज बिके अब तक

### कई दुकानों में खत्म हुआ भगवा कपड़ा

कोरबा। चैत्र प्रतिपदा हिंदू नववर्ष को लकर उल्लास साफ नजर आ रहा है। व्यापक स्तर पर संगठन तैयारी कर रहे हैं और लोग भी। अब तक 10 लाख भगवा ध्वज कोरबा जिले में बिक चुके हैं। प्रतिपदा को दो दिन बचे हैं। इस अवधि में भी काफी मात्रा में बची हुई खेप निकल सकती है।

कोरबा नगर के सीतामणी, पुराना बस स्टैंड, टीपी नगर, कोसाबाड़ी सहित उपनगरीय क्षेत्रों व कटघोरा, दीपका, पाली से मिली खबरों में बताया गया कि अनुमानत: तैयारी के दौर में अब तक बड़ी मात्रा में ओम्, जय श्रीराम व स्वास्तिक प्रतीक वाले



भगवा ध्वज बड़ी मात्रा में बिके हैं। इसका आंकड़ा 10 लाख से उपर का बताया जा रहा है। कुछ ही कारोबारियों ने स्थानीय स्तर पर इसकी व्यवस्था की जबकि बाकी ने रायपुर, दिल्ली और कोलकाता से इसकी खेप बुलवाई। खबर के अनुसार कोरबा में होलसेल कपड़ा की दुकानों में भगवा की थान खत्म हो गई है। नए ऑर्डर को आगे बढ़ाया गया है।

## टॉवर मोहल्ला में ट्रैक्टर ने बाइक को ठोका, एक की मौत

**कोरबा।** कामकाज करने के लिए जा रहे तीन ग्रामीण ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। दुर्घटना में एक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पीड़ितों को पाली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि पाली के टॉवर मोहल्ला में आज सुबह यह दुर्घटना हुई। मौके से एक ट्रैक्टर अपने गंतव्य को जा रहा था। सराईपाली में रहने वाले तीन ग्रामीण कामकाज के सिलसिले में बाइक से दूसरी तरफ जा रहे थे। घटना स्थल पर ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से बाइक चपेट में आ गई। 30 वर्षीय जितेंद्र यादव पिता पन्नालाल यादव को गंभीर चोटें आई और मौके पर मौत हो गई। सराईपाली निवासी दुलार सिंह और अमर सिंह इसी बाइक पर सवार थे। उन्हें चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिस पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। जितेंद्र और पीड़ितों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टर ने परीक्षण के साथ जितेंद्र के मृत होने की पुष्टि की। दो पीड़ित युवकों को भर्ती किया गया है। उनका उपचार जारी है। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर घटनाकारित करने पर मामला कायम किया गया और जांच शुरू की गई।

## नवरात्र पर सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस ने कार्रवाई तेज की



**कोरबा।** 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व और हिंदू नववर्ष को लेकर नगरीय क्षेत्र में कई आयोजन होने हैं। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इस लिहाज से ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया है। इसके साथ कार्रवाई भी तेज की है।

जिले के ट्रैफिक प्रभारी आईपीएस रविंद्र मीणा के मार्गदर्शन में स्थानीय टीम कामकाज को अंजाम देने में लगी है। बताया गया कि जिन स्थानों पर आयोजकों की ओर से संसाधन लगाए गए हैं ऐसे कई प्वाइंट पर स्टापर और दूसरी चीजें इंगेज की गई है ताकि हादसे और क्षति से बचाया जा सके। एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि नवरात्र पर्व पर होने वाली भीड़ के दौरान अनहोनी की रोकथाम के लिए कोशिश की जा रही है। इसके मद्देनजर वाहन चालकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## बांकी में रहेगी मेले की धूम

**कोरबा।** बांकी चंडी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जा रहे हैं और इस अवसर पर मेले भी लगाई जाएगी। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर में रंग-रोगन का कार्य हो चुका है और चारों ओर सजावट का कार्य जारी है। मेले में दुकान लगाने के लिए व्यापारी पहुंचने लगे हैं। इस मेले में झूले भी आते हैं। मेले को सफल बनाने के लिए प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, बल्लू ठाकुर, गज्जू ठाकुर, चित्रेश बर्मन, ध्रुव यादव, पदुम यादव, जनक यादव, राजू विश्वकर्मा सहित अनेक सदस्य जुटे हुए हैं।

## झूलेलाल जयंती पर कराई सिंधी प्रीमियर लीग

**कोरबा।** सिंधी समाज के अराध्य देव श्री वरुण देव के अवतार भगवान झूलेलाल जी की 1075 वी जयंती पर्व चेट्रीचंड्र महोत्सव 2025 के अवसर पर समाज के युवाओं द्वारा कोरबा में पहली बार पूज्य सिंधी पंचायत के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में सिंधी प्रीमियर लीग का आयोजन सीएसईबी ग्राउंड में हुआ। इस शानदार आयोजन का उद्घाटन सिंधी समुदाय के प्रमुख समाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा



किया गया। यह आयोजन सिंधी युवाओं को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा और आने वाले समय में इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा

## पहली साधारण सभा से पहले हर्षिता को बनाया नेता प्रतिपक्ष

**कोरबा।** पांच साल के बाद नगर पालिका परिषद दीपिका में कांग्रेस सत्ता से दूर हो गई । यहां पर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष हुए हैं। नगर पालिका की पहली साधारण सभा से पहले नेता प्रतिपक्ष का चयन किया गया। कांग्रेस पार्षद हर्षिता सिंह को यह जिम्मेदारी मिली। जबकि कांग्रेस के ही इश्तिखार अली के अरमानों पर पानी फिर गया जो तोहफे की उम्मीद लगाए हुए थे।

नगर पालिका परिषद दीपिका के लिए हर्षिता नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगी। विपक्ष की ओर से कांग्रेस पार्षद के नाम को फाइनल किया गया। नगर पालिका की बैठक में विभिन्न विषय को लेकर नीतिगत रूप से विरोध की मुख्य जिम्मेदारी नेता



प्रतिपक्ष की होगी। इससे पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि तीसरी बार निर्वाचित पार्षद इश्तिखार अली को कांग्रेस पार्टी खास मौके पर यह अवसर दे सकती है। हर कोई इस बारे में चर्चा भी कर रहा था लेकिन जब फैसला हुआ था हर्षिता का नाम अंतिम रूप से सिलेक्ट किया गया।

ऐसा पहली बार हुआ जब दीपका नगर पालिका में अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष एक ही समुदाय से हैं। कहा जा रहा है कि यहां क्षत्रिय राज स्थापित हुआ है। नेतृत्व किस प्रकार से होता है इस पर खासतौर पर पार्षदों की नजर लगी हुई है।

## टीबी जागरूकता को बढ़ाने बालको के निक्षय मित्र कर रहे काम

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व टीबी दिवस पर बालको और जिला स्वास्थ्य विभाग ने कंपनी के कर्मचारी (स्वयंसेवक) 'निक्षय मित्रों' को उनके निरंतर सहयोग के लिए सम्मानित किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' में सहयोग देने के उद्देश्य से बालको ने अपनी सामुदायिक विकास परियोजना आरोग्य के अंतर्गत कोरबा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर 2023 में निक्षय मित्र पहल शुरू की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला स्वास्थ्य विभाग ने कंपनी द्वारा उचित आहार सेवन और पोषण सुनिश्चित करने वाले इस अभियान के लिए बालको की सराहना की है।

निक्षय मित्र पहल में बालको के कर्मचारी, 6 महीने तक टीबी मरीजों की स्वैच्छिक मदद करते हुए उन्हें पोषण आहार बास्केट की सहायता प्रदान करते हैं। टीबी पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य सुधार



में उचित पोषण की अहम भूमिका होती है। संतुलित आहार से रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा स्वास्थ्य बेहतर होता है जिससे टीबी की दवाइयों का असर भी बढ़ता है। निक्षय मित्र के तहत कंपनी के 25 कर्मचारियों ने समुदाय में 33 टीबी मरीज को पोषण आहार की आर्थिक मदद की है। इस दौरान लगभग 90 फीसदी मरीज ठीक हो चुके हैं और बाकी मरीज के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। टीबी के मरीजों ने अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आभार जताया है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जागरूकता कार्यक्रम से समुदाय में टीबी रोग के रोकथाम और पहचान करने में आसानी हुई है। समुदाय के स्वास्थ्य की देखभाल को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है

बालको के टीबी मुक्त अभियान की सराहना करते हुए कोरबा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी ने कि हमें कोरबा को टीबी मुक्त जिला बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी जागरूक सदस्य समुदाय में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा करके जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें। प्रशिक्षण में मिली जानकारी से सदस्य समुदाय में टीबी रोग पर फैली भ्रांतियों को दूर करने का काम करें। उन्होंने कहा कि लक्षण दिखने पर घबराएं नहीं बल्कि जांच करवाएं । इस तरह के कार्यक्रम कंपनी द्वारा समुदाय के स्वास्थ्य एवं भलाई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अभियान के दौरान स्लोगन लेखन और समुदाय में विभिन्न घर पर जागरूकता संदेश के साथ चित्रकारी भी की। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी ने स्थानीय स्वास्थ्य निकायों (महिला आरोग्य समिति और ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति) के 97 फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को टीबी जागरूकता, पहचान, कारण, संपर्क ट्रेसिंग, रेफरल उपचार आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया है। सभी प्रशिक्षित टीबी लीडर ने 70 से अधिक जागरूकता सत्र आयोजित किए और 1000 से अधिक समुदाय के सदस्यों को जागरूक किया। बालको, सोशल रिवाइवल ग्रुप ऑफ अर्बन, रूरल एंड ट्राइबल (एसआरओयूटी) के सहयोग से आरोग्य परियोजना के तहत समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य देखभाल एवं सेवा करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, मोबाइल हेल्थ वैन, स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियानों का आयोजन कर गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करती है। स्वास्थ्य देखभाल को सुनिश्चित करते हुए टीकाकरण और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देती है।

## नेता विपक्ष के लिए आदेश का इंतजार

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नए अध्यक्ष मनोज चौहान हाइकमान के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में नेता विपक्ष का चयन किया जाना है। इसके लिए सभी क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक होगी और बैठक होने के बाद नेता विपक्ष का चयन किया जाएगा। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष के द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। उपाध्यक्ष का भी चुनाव हो चुका है। अब नेता विपक्ष का इंतजार है। इसी तरह पाली में भी नेता विपक्ष के चयन के लिए जिला ग्रामीण अध्यक्ष बैठक बुलाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों से कांग्रेसियों के फोन उनके पास लगातार आ रहे हैं।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com